शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 136 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 11 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मोदी 3.0: ज्यादातर मंत्रियों के विभागों में बदलाव नहीं

## बड़े मंत्रियों के विभागों में बदलाव नहीं हुआ, रक्षा, वित्त, गृह और विदेश मंत्रालय पहले की ही तरह राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण, अमित शाह और डॉ एस. जयशंकर के पास ही रहेगा

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शपथ के बाद केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल में मंत्रालयों का वितरण भी हो गया है। बड़े मंत्रियों के विभागों में बदलाव नहीं हुआ है। रक्षा, वित्त, गृह और विदेश मंत्रालय पहले की ही तरह राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण, अमित शाह और डॉ एस. जयशंकर के पास ही रहेगा। इसके अलावा नितिन गडकरी पहले की तरह सड़क परिवहन मंत्रालय देखेंगे। बतौर राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और अजय टम्टा उनके मंत्रालय में सहयोगी मंत्री होंगे। मोदी कैबिनेट में शामिल शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर और जेपी नड्डा को इस बार बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिवराज को कृषि और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय दिया गया है। खट्टर शहरी विकास और विद्युत मंत्रालय संभालेंगे। नड्डा को मोदी 1.0 की ही तरह स्वास्थ्य मंत्रालय दिया गया है। धर्मेन्द्र प्रधान शिक्षा मंत्री, हरदीप पुरी पेट्रोलियम मंत्री, सवार्नंद सोनोवाल बंदरगाह एवं जहाजरानी मंत्री, भूपेंद्र यादव पर्यावरण मंत्री और अश्वनी वैष्णव रेल मंत्री बने रहेंगे। अश्वनी वैष्णव को इस बार सूचना-प्रसारण मंत्रालय भी दिया गया है। सहयोगी दलों को भी मोदी कैबिनेट में बड़े मंत्रालय सौंपे गए हैं। चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, जीतन राम मांझी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन मंत्रालय और एचडी कुमारस्वामी को भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्रालय दिया गया है। श्रम और खेल मंत्रालय मनसुख मंडाविया, वाणिज्य मंत्रालय पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्रालय किरण रिजिजू को दिया गया है। सीआर पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय सौंपा गया है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय गजेंद्र सिंह शेखावत, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी को दिया गया है। प्रह्लाद जोशी को नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, ज्योतिरादित्य सिंधिया को संचार मंत्रालय और गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय सौंपा गया है।

**मंत्रिपरिषद की सूची इस प्रकार है:**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री के साथ ही कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग; अंतरिक्ष विभाग, सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे और अन्य सभी विभाग जो किसी मंत्री को आवंटित नहीं हैं।

**कैबिनेट मंत्री**

राज नाथ सिंह रक्षा मंत्री, अमित शाह गृह और सहकारिता मंत्री। नितिन गडकरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री। जगत प्रकाश नड्डा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के अलावा रसायन और उर्वरक मंत्री। शिवराज सिंह चौहान कृषि और किसान कल्याण मंत्री के साथ ही ग्रामीण विकास मंत्री। निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री। डॉ. एस जयशंकर विदेश मंत्री। मनोहर लाल आवास और शहरी मामलों के मंत्री और विद्युत मंत्री। एच. डी. कुमारस्वामी भारी उद्योग मंत्री और इस्पात मंत्री। पीयूष गोयल वाणिज्य और उद्योग मंत्री। धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्री। जीतन राम मांझी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री। राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पंचायती राज मंत्री; और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री। सबार्नंद सोनोवाल बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री। डॉ. वीरेंद्र कुमार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री। किंजरापु राममोहन नायडू नागरिक उड्डयन मंत्री। प्रल्हाद जोशी उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री। जुएल ओराम जनजातीय मामलों के मंत्री। गिरिराज सिंह कपड़ा मंत्री। अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री, सूचना और प्रसारण मंत्री, और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री। ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री। भूपेंद्र यादव पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री। गजेंद्र सिंह शेखावत संस्कृति मंत्री और पर्यटन मंत्री। अन्नपूर्णा देवी महिला और बाल विकास मंत्री। किरेन रिजिजू संसदीय कार्य मंत्री और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री। हरदीप सिंह पुरी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री। डॉ. मनसुख मंडाविया श्रम और रोजगार मंत्री और युवा मामले और खेल मंत्री। जी. किशन रेड्डी कोयला मंत्री और खान मंत्री। चिराग पासवान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री। सी आर पाटिल जल शक्ति मंत्री।

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

राव इंद्रजीत सिंह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री। डॉ. जितेंद्र सिंह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री। अर्जुन राम मेघवाल कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री। जाधव प्रतापराव गणपतराव आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री। जयंत चौधरी कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री।

**राज्य मंत्री**

जितिन प्रसाद वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री। श्रीपद येसो नाइक ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री। पंकज चौधरी वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री। कृष्ण पाल सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री। रामदास अठावले सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री। राम नाथ ठाकुर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री। नित्यानंद राय गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री। अनुप्रिया पटेल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री। वी. सोमन्ना जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री। डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शपथ के बाद केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**शिवराज को कृषि, खट्टर को आवास, शाह-गडकरी समेत पांच वरिष्ठ मंत्रियों की जिम्मेदारी में बदलाव नहीं**

## चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय

**सीआर** पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय, गजेंद्र शेखावत को संस्कृति-पर्यटन और चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय मिला है। सबानंद सोनोवाल को बंदरगाह और जहाजरानी, राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन, किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और भूपेंद्र यादव को पर्यावरण मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव हारने के बावजूद मंत्री बनाए गए रवनीत सिंह बिट्टू को अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय दिया गया है। पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मनसुख मांडविया को श्रम व रोजगार मंत्रालय के साथ-साथ युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय का भी जिम्मा सौंपा गया है।

**रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे अहम विभाग भाजपा ने अपने पास ही रखा**

राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री बरकरार रहेंगे। भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्रालय का जिम्मा मिला है। जीतनराम मांझी को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।

## मोदी कैबिनेट का पहला फैसला- 3 करोड़ नए घर बनेंगे

**नई दिल्ली**

मोदी कैबिनेट ने पहली बैठक में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांवों और शहरों में बनने वाले इन घरों में टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस कनेक्शन होगा। इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। मोदी 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक सोमवार 10 जून को पीएम आवास पर हुई। इसमें सभी कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। पीएम मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। उन्होंने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की फाइल पर साइन किए। केंद्र की किसान कल्याण योजना के तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। इसे ही किसान सम्मान निधि कहा जाता है।

## मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय मिला

पांच बड़े मंत्रालय यानी गृह, रक्षा, वित्त, परिवहन और विदेश में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, अमित शाह गृह मंत्री, निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री और एस जयशंकर विदेश मंत्री बने रहेंगे। कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ले चुके मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय मिला है। अश्विनी वैष्णव को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ-साथ सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भी दिया गया है।

**हरियाणा के पूर्व सीएम को भी अहम जिम्मेदारी मिली:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और मोदी मंत्रिपरिषद में बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ लेने वाले मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का जिम्मा मिला है। उनके साथ तोखन साहू आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री और श्रीपद नाईक ऊर्जा राज्य मंत्री बने हैं।

## एस जयशंकर की नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचण्ड से द्विपक्षीय मुलाकात

**काठमांडू**

एनडीए सरकार के नवनियुक्त मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड से मुलाकात की। दिल्ली के ताज होटल में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय मुलाकात हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली में मौजूद रहे नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचण्ड के साथ आए नेपाली प्रतिनिधिमंडल और भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के बीच द्विपक्षीय मुलाकात हुई। बैठक में डॉ. जयशंकर के अलावा विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा, नेपाल के लिए भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव, विदेश मंत्रालय में नार्थ डेस्क के प्रभारी अनुराग श्रीवास्तव मौजूद रहे। नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचण्ड के साथ उनके कानून मंत्री पदम गिरी, भारत में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा भी मौजूद रहे। द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान नेपाल में भारतीय सहयोग के चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मौजूद नेपाल के राजदूत डॉ. शर्मा ने बताया कि दोनों देशों के बीच पिछले दिनों हुए समझौते के कार्यान्वयन को लेकर भी चर्चा हुई।

























# कार और बाइक की भिड़ंत एक की मौत, एक घायल

## बहन के घर बाइक से लौट रहे थे बाइक सवार, मौके पर ही एक की हुई मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

अखण्ड भारत संदेश।

**मांडा।** इलाकाई क्षेत्र मांडा अन्तर्गत सोमवार दोपहर बाद बहन के घर से लौट रहे बाइक सवार युवक की कार में जोरदार टक्कर होने से एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और एक हालत गंभीर देख आस पास के लोगों ने सूचना देकर मांडा सीएचसी ले जाया गया जहां कि डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर शहर के लिए रिफर कर दिया। वहीं जानकारी पर मांडा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए कार्यवाही में जुट गई है।

गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार दोपहर बाद लगभग चार बजे शाम पियरी गांव के समीप नहर? पुलिया के पास हाटा की तरफ से तेज रफ़्तार में आ रही कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे सोनबरसा गांव निवासी सचिन आदिवासी उम्र (23) पुत्र खुशी लाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही साथ में बाइक पर सवार शिवम आदिवासी उम्र (17) पुत्र बल राम की हालत गंभीर देख आनन फानन में सीएचसी मांडा ले जाया गया जहां कि डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर शहर के लिए रिफर कर दिया। कार ने इस तरह टक्कर मारी कि उसके खपच्चे उड़ गए। दोनों बाइक सवार चाचा भतीजे एक ही परिवार से आते हैं।आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडा ले आया गया ।लेकिन सचिन की मौके पर ही दर्दनाक मौत थी, शिवम को गंभीर रूप से घायल देख शहर के लिए रिफर कर दिया है। घटना कि जानकारी परिजनों को हुई तो उनका रो-रो करके बुरा हाल हो गया । मृतक सचिन के पिता मजदूर हैं। सचिन तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था उसकी शादी एक वर्ष पहले ही रीमा देवी के साथ हुई थी रीमा के गर्भ में एक शिशु नई जिंदगी की तलाश में आस जुटाए पल रहा है। रीमा को क्या मालूम था कि आज मेरा घर ही उजड़ जाएगा। परिजनों का रो-रोकर बुरा? हाल? है। मृतक की पत्नी व मां बेसुध होकर जमीन पर गिर गई। मृतक के पिता खुशी लाल ने तहरीर दिया है जिस पर कार्यवाही हो रही है। घटना की जानकारी पर सोनबरसा ग्राम प्रधान राम भवन व पियरी ग्राम प्रधान राज कुमार मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।






# अखिल भारतीय नीट परीक्षा परिणाम मे हुई धांधली की हो न्यायिक जांच : ननकेस बाबू

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ ने अखिल भारतीय नीट परीक्षा परिणाम में हुई धांधली की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। ज्ञात हो कि हाल ही में हुई नीट परीक्षा मे व्यापक स्तर पर अनियमितता देखने को मिली है। जिससे देश की चिकित्सा के क्षेत्र मे परीक्षा एवं परिणाम में हुई धांधली से छब्बीस लाख नौनिहालों के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। ज्ञात हो कि लखनऊ की रहने वाली आयुषी पटेल ने अपने साथ हुए अन्याय को हवाला देते हुए सोशल मीडिया पर गुहार लगाई है।आयुषी पटेल का आरोप है कि उसने तीसरी बार नीट परीक्षा दी है जिसमें उसके उत्तर पुस्तिका ओएमआर सीट फाड़ दिया गया है जबकि उसने सही पत्र भर कर जमा किया था। इसी प्रकार देश भर में नीट परीक्षा के संबंध में तमाम आरोप लगाए गए हैं। जिससे परीक्षार्थियों का जीवन अधर में डाल दिया गया है। परिणाम आने के बाद पता चला की परीक्षा में व्यापक धांधली हुई है परंतु केंद्र एवं प्रदेश सरकार उक्त संबंध में मूक धारण कर कर बैठी हुई है। संघ की जिला इकाई की आपात बैठक रामनारायण लाल इंटर कॉलेज करछना प्रयागराज में जिलाध्यक्ष ननकेस बाबू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें देश के युवाओं के साथ अन्याय की घोर आलोचना की गई तथा महामहिम राष्ट्रपति से मांग की गई उक्त परीक्षा की न्यायिक जांच करते हुए अभ्यर्थियों के साथ हुए अन्याय की उच्च न्यायालय से जांच कराई जाए। बैठक में प्रमुख रूप से फूलचंद कनौजिया, अभयराज सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, बुधराम यादव, अमर बहादुर सिंह, सीता शरण, कमल चंद, प्रेमचंद, शिव मोहन पटेल सहित अनेक शिक्षक और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दशहरा महोत्सव पर भक्ति मय हुआ संगम नगरी

## मुंबई के प्रसिद्ध गायक सूर्य प्रकाश सूर्या ने बांधी शमा,एक से बढ़कर एक भक्ति में गीत गाकर बटोरी सुर्खियां

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम क्षेत्र में चल रहे गंगा दशहरा महोत्सव जय त्रिवेणी जय प्रयाग आरती के मंच पे भजन सुनाने मुम्बई से आए सुप्रसिद्ध गायक प्रयाग के गौरव,सूर्य प्रकाश ने मानो शमा बांध दिया। एक से बढ़कर एक भजनों की गंगा बहाई,संगम तट पे देवी सुरेश्वरी भगवती गंगे, गंगा स्तुति तीरथ राज प्रयाग की शान, बंधवा के लेटे हनुमान,राम तेरी गंगा मैली हो गई पापियों के पाप धोते धोते।। द्वादश माधव की गाथा और भी बहुत सारे प्रयागराज के भजन जिसको सुन कर लोग तालिया बजाने पे मजबूर हो गए। तालिया के गर्गराहाट से संगम नगरी भक्ति मैं हो गया।इस अवसर पर एक चैनल का भी शुभारंभ हुआ। जिसके निमार्ता मुकेश पांडे है, आने वाले दिनों में इसी चैनल पे आपको प्रयाग से जुड़ी सारी धार्मिक स्थलों की जानकारी धार्मिक भजन मिलेगा। विमोचन में उपस्थिति रहे। इस अवसर पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी,हर्ष बाजपेई शहर उत्तरी विधायक अभिरामाचार्य जी महराज सोनू पाठक प्रदीप पांडे इत्यादि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में निमार्ता आयोजक मुकेश पाण्डेय व प्रकाश ने सबका धन्यवाद किया।




# बिना सरचार्ज बिल जमा कर मुफ्त सिंचाई का उठाएं लाभ

**सहसों।** जन सामान्य में किसानों के हित को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही किसानों के लिए मुफ्त सिंचाई योजना के अंतर्गत मार्च 2023 तक का बिल 30 जून तक बिल जमा करने पर कोई भी सरचार्ज देय नहीं होगा। मुफ्त सिंचाई योजना का लाभ लेने के लिए किसान अपनी बकाया बिल का भुगतान 30 जून के पूर्व अवश्य कर दें। जिससे उनको मुफ्त सिंचाई का लाभ मिल सके। विद्युत उपकेंद्र मलावां के अवर अभियंता इंद्रसेन यादव ने बताया कि किसान मुफ्त सिंचाई का लाभ उठाने के लिए 30 जून के पहले बकाए बिल की संपूर्ण राशि जमा कर दें। अन्यथा मुफ्त सिंचाई के लाभ से वंचित रह जाएंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि मार्च 2023 तक का बिल 30 जून के पहले जमा करने पर बकाया बिल पर लगा सरचार्ज में पूरी तरह से छूट मिलेगी। जिसका लाभ उठाकर किसान, उपभोक्ता किसी भी परेशानी बचते हुए मुफ्त सिंचाई योजना का लाभ उठाएं।

# दूसरे दिन भी पारा 45.2 के पार, प्रयागराज में 2 दिन बाद और अधिक होगी गर्मी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कई वर्षों के बाद गर्मी का यह प्रचंड रुप देखने को मिल रहा है। प्रयागराज लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर बना रहा। एक तरफ आसमान से आग बरसी तो दूसरी तरफ सतह पर चली प्रचंड गर्म हवाओं से प्रयागराज भट्टी बन गया और रविवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया। एक तरफ दिन धधक रहा है तो दूसरी तरफ रात भी उबल रही है। मौसम विभाग की मानें तो 12 जून से पहले गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

### 45.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान

शनिवार को अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को पारे में 0.7 डिग्री की बढ़ोत्तरी के बाद रविवार को अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है।

सुबह 10 बजे ही अधिकतम तापमान 42 डिग्री पहुंच गया था। दोपहर आते-आते यह 44 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया और दोपहर साढ़े तीन बजे प्रयागराज 45.9 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म शहर बन गया। वाराणसी और कानपुर 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। इलाहाबाद विश्व विद्यालय भूगोल विभाग के प्रो. एआर सिद्दीकी ने बताया कि सोमवार से बुधवार तक गर्मी अपने प्रचंड रूप में रहेगी और इस दौरान अधिकतम तापमान 46 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। 13 जून से गर्मी से मामूली राहत मिलनी शुरू होगी पर फिर भी अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहेगा।



# टोल टैक्स और अमूल दूध की कीमतों में वृद्धि जनविरोधी कदम : ननकेस

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज समाजवादी पार्टी ने केंद्र सरकार के निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय सड़क राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा टोल टैक्स की दरों में 25 रुपए वृद्धि तथा दैनिक उपयोग की अमूल दूध जैसी वस्तु पर 2 रुपए प्रति लीटर की तात्कालिक वृद्धि किए जाने की घोर निंदा करते हुए जन विरोधी करार दिया है। पार्टी की विधानसभा करछना इकाई की बैठक सपा कार्यालय पर विधानसभा अध्यक्ष ननकेस बाबू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव परिणाम के बीच अपने नुमाइंदों को खुश करने के लिए भाजपा ने जन विरोधी कदम उठाया है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे देशवासियों के लिए उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ननकेस बाबू ने कहा कि जहां एक तरफ बेरोजगारी झेल रहे युवा तथा गरीबों का मंहगाई से दम निकल रहा, वही शिक्षक व किसान अपनी मुसीबतों से उभरा भी नहीं था कि केंद्र की भाजपा सरकार ने उन्हें और बेबस कर दिया। यदि टोल टैक्स तथा मूल वृद्धि वापस नहीं की गई तो सपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष के अतिरिक्त उपाध्यक्ष जग नारायण भारतीय, केशव प्रसाद विश्वकर्मा, डॉ हरिहर देव सिंह, अमित राही, विजय यादव, नीरेंद्र सिंह, रोशन लाल प्रजापति, कन्हैया लाल पाल, सूरज सिंह यादव, प्रमिल, मो. मुजाहिद, डॉ. अफजल, अवधेश श्रीवास्तव, शिव मोहन पटेल, महेंद्र सरोज, उमेश यादव, रामू निषाद, जगमोहन मौर्य, कमलेश पुष्कर, रामराज भारती सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# इदूल अजहा को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक, सख्त निर्देश




अखण्ड भारत संदेश।

**मांडा।** आगामी त्योहार इदूल अजहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। कस्बा भारतगंज स्थित सोमवार शाम लगभग पांच बजे मांडा थाना अन्तर्गत भारतगंज पुलिस चौकी पर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमे थाना प्रभारी मांडा श्री सिंह ने आपसी भाई चारा एवं परम्परागत तरीके से इदूल अजहा मनाने की अपील किया। कुबार्नी पूर्व की भांति घरों में करने तथा एहतियात बरतने की बात भी कही। संचालन चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह ने किया। बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि आमिर भाई शकील टंकी, पूर्व सभासद राजन केशरी , तौफिक, अवधेश केशरी, रियासत खां, अंसार अहमद, जावेद अहमद, अंसार अहमद, इरशाद अहमद, शांति भूषण द्विवेदी,अमन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहें।

# दबंगई : घर से बाहर रह रहे भू स्वामी की जमीन पर किया जा रहा कब्जा

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** घर से बाहर रह रहे भू स्वामी की जमीन पर कुछ सरहगों ने पुनः कब्जा शुरू कर दिया है। इसके पूर्व भी हो रहे कब्जे और निर्माण कार्य पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने शिकायत के सापेक्ष रोक लगा दी थी। मामला थाना कोरांव क्षेत्र के ग्राम बड़ौआ का है जो भू खंड संख्या 468 पर एक महिला और एक पुरुष द्वारा लेबर लगा कर जबरन बिना किसी आदेश और भू स्वामी की उपस्थिति के कब्जा किया जा रहा है। जिसकी शिकायत श्रवण कुमार मिश्र ने गैर प्रांत रहते हुए द्वारा उचित माध्यम प्रशासन को दी है। श्रवण कुमार मिश्र निवासी बदोआ थाना कोराव ने शिकायत किया है कि हम लोग गांव से बाहर गुजरात जॉब करते हैं जिसका नजायेज फायदा पड़ोसन सूर्यकली पत्नी राजकुमार आदि उठा रहे हैं। और मेरी भू खंड संख्या 468 क पर जबरन अवैध कब्जा कर रहे हैं। उक्त कार्य को अंजाम देने के लिए अन्य गांव हनुमान गंज का एक राजगीर श्रमिक सहयोगी है। मिश्रा के अनुसार इसके पूर्व चुनाव के पहले राजस्व और पुलिस बल द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाया गया था। किंतु उसका उलंघन पुनः शुरू कर दिया गया। बताया जा रहा है कि श्रवण कुमार मिश्र बनाम बृज बिहारी लाल मिश्र आदि का भू विवाद एक्ट 116 के तहत कार्यवाही उप जिलाधिकारी न्यायालय तहसील कोरांव में दाखिल है जिसका अतिचारियों द्वारा उल्लंघन किया जा रहा है। एक प्रकार से न्यायस्लय के आदेश की अवमानना है। श्रवण कुमार मिश्र ने आरोप लगाया है कि उक्त प्रकरण को कुछ लोग तुल पकड़ा कर तमाशा देखना चाहते हैं। जब कि उक्त भू विवाद की राजस्व तहसील प्रशासन द्वारा पैमाईश नाप जोख आदि की कार्यवाही का आश्वासन चुनाव बाद के लिए दिया था। श्री मिश्र ने तत्काल एसडीएम कोरांव और थाना प्रभारी कोराव से हस्तक्षेप किए जाने की मांग की है। जिससे न्याय का गला न घोटा जा सके और कोर्ट की अवमानना भी न हो। तथा क्षति भी न हो।

**चुनाव आचार संहिता के पूर्व भी किया जा रहा था कब्जा,स्थानीय प्रशासन ने लगाई थी रोक, हुई शिकायत, एसडीएम न्यायालय में मामला है लंबित,हो रही अवमानना**

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर थाना मुट्ठीगंज में सोमवार को हुई पीस कमेटी की बैठक



**प्रयागराज।** आगामी बकरीद त्यौहार को देखते हुए थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज में सहायक पुलिस आयुक्त की उपस्थिति में सोमवार को एक पीस कमेटी के बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के लोगों को बुलाकर उनसे शांतिपूर्वक त्यौहार को मनाने के लिए कहा गया और सुरक्षा के मद्देनजर कई दिशा निर्देश भी लोगों को दिए गए सहायक पुलिस आयुक्त का साफ कहना था कि त्योहार को त्योहार की तरह मनाया जाए अगर सुरक्षा के साथ खिलवाड़ होता तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विधिक और कड़ी कार्रवाई सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों के ऊपर की जाएगी इस बैठक में आए लोगों ने भी थाना प्रभारी और सहायक पुलिस आयुक्त को यह आस्वस्त किया कि उनके द्वारा सौहार्दपूर्ण और शांति पूर्ण ढंग से त्यौहार मनाया जाएगा

# सीएमओ ऑफिस में लगी आग, फायर ब्रिगेड की 1 गाड़ी ने आधे घंटे में पाया काबू, कई फाइलें जलकर राख

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सीएमओ ऑफिस के रिकॉर्ड रूम में सोमवार को दोपहर करीब 3 बजे आग लग गई। आग की चपेट में आने से रिकॉर्ड रूम में रखी पुरानी फाइलें जलकर राख हो गई। रिकॉर्ड रूम के अंदर से धुआं निकलते हुए देख वहां काम कर रहे कर्मचारी व अन्य सभी स्टॉफ भाग कर बाहर निकले।आनन-फानन में किसी तरह तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में सफल हुई। बताते हैं कि रिकॉर्ड रूम के ऊपर से बिजली का तार गुजरा है और अचानक तार ब्लास्ट होने से चिंगारी रिकॉर्ड रूम के ऊपर गिर गई। वहां से आग नीचे तक पहुंच गई। दरअसल, यहां कई वर्ष पुरानी फाइल रखी गई थी। जब तक लोग बुझाने का प्रयास करते तक फाइलें जल कर राख हो गई । सीएमओ ने बताया कि बड़ा हादसा होने से बच गया।

# हर्रो टोलप्लाजा के कर्मचारियों ने रात्रि में किसान के साथ किया मार पीट

अखंड भारत संदेश

**जारी प्रयागराज।** प्रयागराज बारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हर्रो टोल प्लाजा पर विगत रात को डॉक्टर से मारपीट किया जिससे किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने टोल प्लाजा पर धरना देकर न्याय की मांग किया ' जैसा कि हरौ टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है लोगों द्वारा बताया गया कि जब से हर्रो टोल प्लाजा बृजेश पांडे द्वारा लिया आए दिन टोल कर्मियों के द्वारा राहगीरों, किसानो, पत्रकारों वकीलों के साथ मार पीट की जाती है ' बीती रात को मारपीट के उपरांत पीड़ित ने घटना की सूचना 112 पर किया।

आरोपित है कि रविवार की देर रात दस बजे लगभग जारी स्थित एक हॉस्पिटल कर्मी सुशील सिंह 28 पुत्र राजकुमार अस्पताल की दूसरी ब्रांच चौखटा बॉर्डर से वापस जारी की ओर आ रहा था।हर्रो टोल प्लाजा पर जाम लगा होने से एक ट्रक ने उनकी कार में टच कर दिया। जिससे दोनों में बहस हो गई। कार का मासिक पास बना हुआ है। उसी बीच तीन चार टोल कर्मी लाठी डंडा लेकर आए और सुशील सिंह को गाली गलौज करने लगे। मना करने पर रॉड और डंडे से हमला कर दिया। जिससे कार का शीशा टूटने के साथ सुशील को भी चोटे आई। जान बचाने के लिए सुशील कार लेकर भागने लगे तो बोलेरो से टोल कर्मियों ने कुछ दूर तक पीछा किया। जारी पहुंचने पर अस्पताल के संचालक डा दीपक सिंह को बताया तो संचालक कुछ लोगों के साथ टोल प्रबंधक से सीसी टीवी कैमरे में फुटेज देख कर कार्यवाही के लिए शिकायत कर रहे थे। तभी उक्त मनबढ़ टोल कर्मियों ने दोबारा रॉड और लाठी डंडा से हमला कर दिया। हमले में सुशील सिंह का सर फोड़ दिया, और डा दीपक सिंह सहित अन्य लोगों को भी चोटे आई। आरोपित है कि गन्ने चौकी क्षेत्र के हर्रो टोल प्लाजा पर वाहन चालकों और राहगीरों से अवैध वसूली के चक्कर में आएदिन मारपीट की शिकायत होती रहती। आसपास के नागरिकों ने हर्रो टोल प्लाजा के गुंडागर्दी पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग किया है। अन्यथा कभी भी कोई गम्भीर घटना घट सकती है।



# मुक्त विश्वविद्यालय में 166 केंद्रों पर 80 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

## 11 जून से 16 जुलाई तक दो पालियों में होंगी परीक्षाएं, 4 केंद्रीय कारागार में भी बनाए गए परीक्षा केंद्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून 2024 की परीक्षाएं प्रदेश के 166 केंद्रों पर मंगलवार 11 जून 2024 से प्रारंभ हो रही हैं। इन परीक्षा केंद्रों में 4 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं । परीक्षा में लगभग 80 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि परीक्षाएं 16 जुलाई तक संचालित की जाएंगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर समय सारणी अपलोड की गई है। उन्होंने बताया कि प्रमाण पत्र, डिप्लोमा तथा पीजी डिप्लोम आदि की परीक्षाएं 11 जून से 15 जून तक तथा स्नातक,परास्नातक तथा शेष परीक्षाएं 18 जून से 16 जुलाई तक 2 पालियों में प्रातः 10:00 से 1:00 तथा दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी विषयों के परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिए गए हैं। जिन्हें डाउनलोड कर परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि गोरखपुर रीजन में सबसे अधिक 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं । इसके



अतिरिक्त प्रयागराज रीजन में 25, वाराणसी रीजन में 22, आजमगढ़ रीजन में 15, अयोध्या रीजन में 17, लखनऊ रीजन में 14, कानपुर रीजन एवं आगरा रीजन में 11, झांसी रीजन में 7, मेरठ रीजन में 5, गाजियाबाद रीजन में 4 तथा बरेली रीजन में 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय जेल बंदियों की शिक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। इस बार पूरे प्रदेश में 4 केंद्रीय कारागारों नैनी, प्रयागराज, गाजियाबाद, अयोध्या तथा बरेली केंद्रीय कारागार में जेल बंदियों को परीक्षा दिलाई जाएगी। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सोमवार को परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। संपूर्ण उत्तर प्रदेश में परीक्षा को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत इस बार परीक्षा कक्ष के अंदर केंद्र प्रभारी के अतिरिक्त अन्य सभी का मोबाइल प्रतिबंधित किया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए उड़ाका दल एवं पर्यवेक्षक दल का गठन किया गया है। प्रदेश में किसी भी केंद्र पर किसी भी परीक्षार्थी को कोई परेशानी न हो, परीक्षार्थियों की समस्या के त्वरित समाधान के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में परीक्षा नियंत्रक श्री डी पी सिंह के निर्देशन में सहायता पटल स्थापित किया गया है। जहां परीक्षार्थियों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर परीक्षा केंद्रों के समीप पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती का आग्रह किया है।

## कार में मृत मिला एयरफोर्स का सार्जेंट

**प्रयागराज।** एयरफोर्स का एक जवान कार में मृत मिला। दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई है। सोमवार को पूरामुफ्ती पुलिस ने उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने बताया कि मथुरा जिले के रहने वाले तेजपाल के बेटे करीब 35 वर्षीय अजीत कुमार एयरफोर्स में सार्जेंट थे। वर्तमान में वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ मनौरी स्थित आवासीय परिसर में रहते थे। बताया जा रहा है कि रविवार को वह कार लेकर घर से निकले लेकिन इसके बाद से पता नहीं चला। देर शाम वह परिसर के अंदर ही कार में मृत मिले। इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। पूरामुफ्ती पुलिस ने जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि कार के अंदर ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई।

# अपराध की गंभीरता नाबालिग की जमानत खारिज करने का आधार नहीं, सुधार, पुनर्वास पर ध्यान देने की जरूरत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि अपराध की गंभीरता के आधार पर नाबालिग को जमानत देने से इन्कार नहीं किया जा सकता। नाबालिग की जमानत पर विचार करते वक्त दंडात्मक उपायों की जगह सुधार और पुनर्वास पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की अदालत ने शाहजहांपुर के बाल न्यायालय और किशोर न्याय बोर्ड की ओर से नाबालिग की जमानत खारिज करने वाले आदेश को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए की।मामला शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र का है। एक हत्या के एक मामले में नाबालिग को आरोपी बनाया गया था। इस मामले के सह अभियुक्त राजेश, अखिलेश, मिथलेश और कमलेश जमानत पर रिहा हो चुके हैं। लेकिन, नाबालिग की जमानत अर्जी किशोर न्याय बोर्ड ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि मामला हत्या जैसे जघन्य अपराध का है। बोर्ड के इस आदेश के खिलाफ बाल न्यायालय की



विशेष न्यायाधीश की अदालत में दाखिल अपील में भी न्याय बोर्ड के आदेश की पुष्टि कर दी है। इसके खिलाफ नाबालिग ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष आरोपी नाबालिग घोषित किया जा चुका है। सह अभियुक्त जमानत पर रिहा हो चुके हैं। नाबालिग का कोई अपराधिक इतिहास भी नहीं है। महज अपराध की गंभीरता के आधार पर जमानत खारिज किया गया है।कोर्ट ने नाबालिग की पुनरीक्षण याचिका मंजूर करते हुए तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग का मामला किशोर न्याय अधिनियम के प्रविधानों से संरक्षित है। इसलिए नाबालिग की जमानत अर्जी पर विचार करते समय अपराध की गंभीरता से ज्यादा उसके सुधारात्मक उपाय और पुनर्वास पर ध्यान दिया जाना चाहिए।कोर्ट यह भी स्पष्ट किया कि किशोर को जमानत देने से तभी इन्कार किया जा सकता है, जब यह मानने का उचित आधार हो कि रिहाई से किशोर आदतन अपराधियों से जुड़ जाएगा। साथ ही अपने नैतिक, शारीरिक या मनोवैज्ञानिक जीवन को खतरे में डाल देगा। इस मामले में ऐसी कोई परिस्थिति नहीं प्रतीत हो रही है।

# नैनी औद्योगिक क्षेत्र में करोड़ो की अवैध प्लाटिंग पर पीडीए का चला बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाना के मवैया व लवायन इलाके में बिना प्रायगराज विकास प्राधिकरण से स्वीकृत लिए कई बीघे में की गई अवैध तरीके से प्लाटिंग को सोमवार को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही पीडीए की टीम ने दो नवनिर्मित मकान को सील भी किया है। सोमवार को प्रायगराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय, भवन निरीक्षक कुंवर आंनद, राकेश शर्मा अपनी टीम के साथ लवायन इलाके में वकील खान द्वारा की गई करोड़ो की कीमत वाली पांच बीघे में हुए अवैध

### बिना नक्सा पास कराए नव निर्मित निर्माण को किया सीज

तरीके से निर्माण को ढहाया गया। इसके साथ मवैया इलाके में भी शाम तक करोड़ो की अवैध प्लाटिंग पर बुल्डोजर चलता रहा। वहीं औद्योगिक थाने के पास दो नवनिर्मित मकान को भी टीम द्वारा सील किया गया। जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय ने बताया कि बिना प्राधिकरण द्वारा नक्सा पास कराए अवैध निर्माण को सील लिया गया। वहीं प्लाटर द्वारा भी बिना अवैध तरीके से की गई कई बीघे प्लाटिंग पर हुए निर्माण से अतिक्रमण हटाया गया।

# एग्जाम में गड़बड़ी पर एबीवीपी का प्रदर्शन

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन के बाहर नारेबाजी, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) इलाहाबाद विश्व विद्यालय इकाई के कार्यकताओं ने नीट परीक्षा परिणामों में हुई गड़बड़ी के विरोध में आज सोमवार को प्रदर्शन किया। इलाहाबाद विश्व विद्यालय के छात्रसंघ भवन के सामने जमकर नारेबाजी की।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस परीक्षा के आयोजन के दिन ही देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आई थी तथा अलग-अलग स्थानों पर सॉल्वर पकड़े गए, साथ ही कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने आदि में भी गड़बड़ी मिली। इसकी निष्पक्ष सीबीआई जांच कराई जाए और जो भी दोषी हों उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

**इस परीक्षा की पारदर्शिता में छात्रों के बीच संदेह :** प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों ने कहा कि मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए




आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। नीट-यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थीं। आज एबीवीपी कार्यकताओं द्वारा इस विषय को लेकर आंदोलन किया गया। कई जगहों पर ऐसी गड़बड़ी होने से यह भी स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थीं। नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी-नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे।

**परेशान छात्र आत्महत्या करने को मजबूर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने कहा कि ₹नीट परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों की आत्महत्या करने की मामले हुए हैं, यह अत्यंत दुखद है। नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित होते हैं तथा इसकी तैयारी हेतु कड़ी मेहनत करते हैं। ऐसे में इस प्रकार का प्रकरण की गड़बड़ी बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं की जाएगी।प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिनव मिश्र ने कहा कि इस मामले की सीबीआई द्वारा जांच कराकर, दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुई हैं, उसके लिए इस पूरे विषय से संबद्ध ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है।₹ इस दौरान काशी प्रांत सह-मंत्री आंचल सिंह, इविवि इकाई उपाध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा, कला संकाय अध्यक्ष आजाद वत्स, प्रकाश सिंह, पवन, हिमांशु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लएलबी छात्र ने किया सुसाइड घर में तीसरी मंजिल पर लटका मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एलएलबी छात्र के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। उसका शव निमार्णाधीन मकान में तीसरी मंजिल के लेंटर से चादर के सहारे लटका मिला। घटना के समय घर में कोई नहीं था। परिवार के लोग दोपहर में जब घर पहुंचे तो उन्हें बेटे के फांसी लगाने की जानकारी हुई। घरवालों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमरे से सुसाइट नोट नहीं मिला है। घटना शिवकुटी थाना क्षेत्र की है।

**तीन भाइयों में सबसे छोटा था :** विवेक कुमार यादव (32) का रसूलाबाद इलाके में मकान है। यहां पर वह पैरेंट्स के साथ रहता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता ओम प्रकाश शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। रात में वह पत्नी के साथ कहीं गए



हुए थे। सोमवार को जब लौटकर आये तो देखा विवेक फंदे से लटका हुआ है।

**पत्नी के मायके में रहने से परेशान था :** पुलिस ने बताया, विवेक का पत्नी से कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। उसकी कहासुनी हुई थी। उसके बाद से वह मायके में रह रही है। अंदेशा है कि इसी से परेशान होकर उसने खुदकुशी की है। विवेक ने फांसी क्यों लगाई इस बारे में परिवार वाले ज्यादा कुछ नहीं बता सके। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।

# फैमिली के लिए यलो, कपल के लिए ग्रीन, महिलाओं के लिए पिंक कलर का होगा रेलवे का स्लीपिंग पॉड्स

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर भारत के पहले स्लीपिंग पॉड का शुभारंभ 15 जून के पहले हो जाएगा। प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइंस साइड में स्लीपिंग पॉड तैयार हो चुका है। अब यहां थोड़ा-बहुत फीनिशिंग का ही काम रह गया है। जंक्शन पर स्लीपिंग पॉड बनाने वाली ही फर्म कानपुर सेंट्रल पर भी उसे बना रही है। प्रयागराज जंक्शन के बाद दूसरा स्लीपिंग पॉड का शुभारंभ कानपुर में होगा। प्रयागराज जंक्शन पर अभी 72 स्लीपिंग पॉड तैयार किए गए हैं। इसी का शुभारंभ यहां होना है। हालांकि, महाकुंभ तक यहां कुल 140 स्लीपिंग पॉड तैयार किए जाने हैं। यहां चार कैटेगरी के स्लीपिंग पॉड तैयार किए गए हैं। इसमें सिंगल पैसेंजर के लिए 48 स्लीपिंग पॉड ऑरेंज कलर के



बनाए गए हैं। चार फैमिली स्लीपिंग पॉड येलो कलर के बनाए गए हैं। फैमिली स्लीपिंग पॉड में अटैच टॉयलेट की भी सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही महिलाओं के लिए 10 पिंक कलर के स्लीपिंग पॉड तैयार किए गए हैं। वहीं, ग्रीन कलर में कपल के लिए 10 स्लीपिंग पॉड बनाए गए हैं। ट्रिपल पी मॉडल के तहत इन स्लीपिंग पॉड का लाभ आम जनता अगले कुछ दिन में ले सकेंगी। स्लीपिंग पॉड में यात्री दो घंटे से 48 घंटे तक की बुकिंग करवा सकेंगे। इसके किराये का निर्धारण जल्द हो जाएगा।

### स्लीपिंग पॉड में मिलेगी यह सुविधा...

**प्रयागराज।** जंक्शन के सिविल लाइंस साइड में बने स्लीपिंग पॉड में रुकने वाले लोगों को एयर कंडीशंड केबिन के अंदर रुकने की सुविधा मिलेगी। वहां फ्री वाईफाई, मोबाइल व लैपटॉप चार्जिंग की सुविधा मिलेगी। स्लीपिंग पॉड का निर्माण करवाने अमृतेश्वर सिंह और योगेंद्र पांडेय ने बताया कि यहां पर रुकने के साथ ही लोगों को खाने-पीने की सुविधा दिए जाने की भी तैयारी है। सिंगल और डबल पॉड में रुकने वालों के लिए कॉमन वाश रूम होगा। यात्रियों के सामान रखने के लिए लॉकर की भी सुविधा रहेगी।प्रयागराज जंक्शन पर बनाया जा रहा स्लीपिंग पॉड तकरीबन तैयार हो गया है। अगले कुछ दिन में इसका शुभारंभ हो सकता है।

- रागिनी सिंह, पीआरओ, एनसीआर

### जूनियर एडेड शिक्षक भर्ती 2021 के लिए अभ्यर्थियों ने दिया धरना

**प्रयागराज।** जूनियर एडेड शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को लेकर शिक्षा निदेशक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जूनियर एडेड शिक्षक भर्ती 2021 में लाई गई थी। जिसकी परीक्षा 17 अक्तूबर 2021 को कराई गई थी। 15 नवम्बर 2021 को परिणाम जारी हुआ। आज तक इस मामले का निस्तारण नहीं हो सका है । जूनियर एडेड शिक्षक भर्ती संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष नागेंद्र पांडेय ने बताया कि 15 फरवरी को कोर्ट से समस्त रिट खारिज करने के बाद और मामला निस्तारित करने के बाद भी आज तक अधिकारियों के लेट लतीफी के कारण और उनके उदासीनता के कारण शासनादेश जारी नहीं किया गया. जिसके कारण जूनियर एडेड भर्ती में शिक्षकों की भारी कमी है। बताया कि जबतक शासनादेश जारी नहीं होगा तबतक हम लोग प्रयागराज से लखनऊ तक अनवरत धरना करते रहेंगे। पूर्व में भी सैकड़ो बार प्रयागराज और लखनऊ में धरना दिया जा चुका है, लेकिन अधिकारियो के कान में जूं नहीं रेंग रही है। इस मौके पर राहुल यादव, डॉ जयशंकर, कमलेश यादव, रोमन कुमार, इंद्रेश यादव आदि थे।

# 400 करोड़ ठगने वाले पति-पत्नी की संपत्ति करोड़ों में

**अखंड भारत संदेश**

## प्रयागराज में रियल एस्टेट और शेयर बाजार में रुपए लगवाए, नेपाल में होने का शक

**प्रयागराज।** प्रयागराज में करीब 400 करोड़ की ठगी और धोखाधड़ी के आरोपियों की नामी-बेनामी संपत्तियों को खंगाला जाने लगा है। पुलिस की 2 टीमें जालसाजों की संपत्ति खंगालने लगीं तो चौंकाने वाली जानकारियां सामने आईं। मुख्य आरोपी पति-पत्नी फरार हैं। उनकी आखिरी लोकेशन अयोध्या के करीब मिली थी।ऐसे में पुलिस का शक है कि वह नेपाल में छिपे हो सकते हैं। एक टीम अयोध्या पहुंची है। रियल एस्टेट और शेयर बाजार में रुपए लगाने का लालच देकर अभिषेक द्विवेदी और उसकी पत्नी निहारिका ने 100 से ज्यादा लोगों से ठगी की है।पहले तो पुलिस ने इस मामले को मामूली माना, लेकिन अब अभिषेक पर ऋक्रफ़होने के बाद रोज कई लोग शिकायत लेकर सामने आ रहे हैं कि उन्हें भी ठगा गया। अब पुलिस निहारिका वेंचर्स कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी, उसकी पत्नी निहारिका के नाम की संपत्तियों को खंगाल रही है।

**रियल एस्टेट और शेयर बाजार में पैसे लगवाए :** रियल एस्टेट और शेयर बाजार में रुपए लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला 6 जून 2024 को पुलिस के पास पहुंचा। गोविंदपुर निवासी डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी के बेटे अभिषेक द्विवेदी ने वर्ष 2020 में पत्नी निहारिका के नाम से कंपनी बनाई। इसका नाम निहारिका वेंचर्स रखा।सिविल लाइंस के साईंधाम लैंडमार्क टावर में कार्यालय खोला गया। लोगों से कहा गया कि रियल स्टेट व शेयर बाजार में रुपए लगाने पर प्रतिमाह 6% तक मुनाफा मिलेगा। बड़ी संख्या में लोगों ने रुपए लगाए।बीच-बीच में अभिषेक द्विवेदी द्वारा लोगों को रुपए भी दिए गए, लेकिन इधर करीब छह माह से रुपए देने बंद कर दिए। निवेश करने वाले लोग उसके पास फोन करते तो वह टालमटोल करता। छह जून को निवेशकों को पता चला कि डा. ओम प्रकाश ने पुत्र अभिषेक को अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है।अधिवक्ता कौशल सिंह के साथ लोग शिवकुटी थाने पहुंचे। यहां कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी, निहारिका व डा. ओम प्रकाश द्विवेदी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।

### नैनी में परीक्षा देने जा रहे छात्रों को कार ने मारी टक्कर

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के जीसी कंपनी के पास कार की टक्कर के बाद अनियंत्रित बाइक सवार तीन परीक्षार्थी विक्रम से जा भिडे। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। शंकरगढ़ निवासी अंकुश कुमार, रघुराज और रविन्द्र सिंह नैनी के खरकौनी में रहकर पढ़ाई करते हैं। सोमवार को तीनों की औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) यूनिवर्सिटी में बीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा थी। अंकुश दोस्तों के साथ जैसे ही मीरजापुर रोड के समीप जीसी कंपनी के पास बाइक से पहुंचा था कि पीछे से आई कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी ओर से आ रहे विक्रम वाहन से भिड़ गई। बाइक विक्रम के नीचे फंस गई और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बाइक सवार ने मारी टक्कर मजदूर जख्मी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पावरलूम पर मजदूरी करके साइकिल से घर जा रहे मजदूर को बाइक सवार ने टक्कर मा जिससे मजदूर जख्मी हो गया। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदिना महरौंडा निवासी मोहम्मद शकील पुत्र मुख्तार अली मऊआइमा कस्बा में पावरलूम चलाता है। बताया गया है कि शकील पावरलूम पर मजदूरी करके साइकिल से घर जा रहा था कि सकरामऊ ढाबे के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे शकील जख्मी हो गया। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नेदुला बाजार में चोरों के हौंसले बुलंद, किया टुल्लू चोरी

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत नेदुला बाजार में स्थित मां विंध्यवासिनी हास्पिटल नेदुला के सामने से बीती रात्रि में दो चोरों ने टुल्लू चुरा लिया।अस्पताल के संचालक डॉ आरबी यादव ने चौकी इंचार्ज जंघई संजय मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे से मुझे पता चला कि 9 जून की रात्रि में करीब 11.34 बजे दो चोर आये और मेरा टुल्लू खोलकर उठा ले गए।नेदुला बाजार में अक्सर चोरी होने के कारण चोरों के हौंसले बुलंद है बाजार के निवासियों एवं व्यवसायियों ने पुलिस से चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया है।

# प्रयागराज को जाम और प्रदूषण से मुक्त बनाने की कवायद, महाकुंभ से पहले आबोहवा होगी शुद्ध

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगमनगरी की आबोहवा को शुद्ध करने व प्रमुख चौराहों पर जाम से निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस ने खाका खींचा है। इस बार के महाकुंभ-2025 को देखते हुए पुलिस ने एक्शन प्लान तैयार किया है। इसके तहत पुलिस दिल्ली से एयर पॉल्यूशन एक्शन ग्रुप की स्पेशल टीम बुलाई है। यह टीम शहर के 17 प्रमुख चौराहों पर जाम से निपटने और प्रदूषण को कम करने के लिए शोध करना शुरू कर दिया है। मेडिकल चौराहे से इसकी शुरूआत की गई है। शोध का लक्ष्य अगले तीन महीने का है। इसके बाद पुलिस इन चौराहों पर निकलने वाली खामियों को दूर कर संगमनगरी को जाम से छुटकारा दिलाने के साथ ही यहां की आबोहवा को शुद्ध करने का काम करेगी।सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। इसकी वजह से संगमनगरी की आबोहवा प्रदूषित होने के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण भी लगातार बढ़ रहा है। वहीं, अगले कुछ ही महीनों में महाकुंभ मेला भी शुरू होने वाला है। ऐसे में इस समस्या का समाधान करना बेहद जरूरी है। यातायात पुलिस के नजरिये से शहर के



17 प्रमुख चौराहे, जिनमें मेडिकल चौराहा, शास्त्री पुल, एमएनएनआईटी चौराहा, प्रीतमनगर, पुराना यमुना ब्रिज सब्जी बाजार चौराहा, फाफामऊ, तेलियरगंज, हनुमान मंदिर चौराहा, सिविल लाइंस बस स्टैंड चौराहा, रेलवे स्टेशन चौराहा, जॉनसनगंज चौराहा, लेबर चौराहा, रामबाग बस डिपोट चौराहा, जीटी जवाहर चौराहा, लेप्रोसी जंक्शन, अंदावा चौराहा और बांगड़ धर्मशाला चौराहे पर सबसे ज्यादा जाम, प्रदूषित हवा और ध्वनि प्रदूषण है। इससे निपटने के लिए यातायात पुलिस दिल्ली की एयर पॉल्यूशन एक्शन ग्रुप की टीम बुलाई है। यह टीम पुलिस के साथ मिलकर इन चौराहों पर शोध कर बताएगी कि आखिरकार यहां पर जाम लगने का सबसे बड़ा कारण क्या है।

# गर्मियों में पशुओं को हरा चारा जरूर खिलाएं : सुबोध यादव




**अखंड भारत संदेश**

**नैनी प्रयागराज।** कृषक प्रक्षेत्र पर वैज्ञानिक भ्रमण प्रोग्राम के अंतर्गत ग्राम ददरी ब्लॉक चाका में 20 किसानों के खेत पर कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रयागराज द्वारा सुगरग्रजे हरा चारा पर प्रथम पंक्ति प्रदर्शन कराया गया। 45 दिन में पहला कटान करते हुए फसल को देखते हुए और डाटा कलेक्ट करते हुए वैज्ञानिक सुबोध यादव ने पशुपालन को बताया कि बरसात ना होने के कारण चारे की फसल में ऑक्जलेट नामक जहरीला पदार्थ फसल की पत्तियों में लग जाता है जो पशु के पेट में जाने पर पशु का पाचन तंत्र खराब कर देता है। इसके निवारण के लिए फसल को कुट्टी मशीन से काटकर पानी में 10 मिनट तक धुलें इसके उपरान्त ही पशुओं को खिलाएं।

# जनता के विश्वास की ताकत पर मिली इण्डिया गठबंधन को मजबूती: प्रमोद तिवारी

## सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने विकास की आवाज को बुलन्द करने का जताया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रदेश कांग्रेस की धन्यवाद यात्रा के तहत सोमवार को रामपुर खास पहुंची यात्रा का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की अगुवाई में पहुंची यात्रा यहां सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज के सामने सामुदायिक सभागार में कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम में तब्दील हुई दिखी।

बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने लोकसभा चुनाव में प्रतापगढ़ से इण्डिया गठबंधन के सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल की बडी जीत का श्रेय रामपुर खास के



सम्मेलन में प्रमोद तिवारी, मोना व सांसद एसपी सिंह पटेल को सम्मानित करते कांग्रेसी।

कार्यकर्ताओं के नाम किया। उन्होनें कहा कि चुनाव के समय भयंकर गर्मी और प्रतिकूल मौसम में कार्यकर्ताओं ने मजबूती के साथ बागडोर अपने हाथ में लिया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस जीत की बधाई के सच्चे हकदार रामपुर खास के कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता हैं। बतौर विशिष्ट अतिथि जिले के नव निर्वाचित सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा कि जिले के विकास तथा जनता की समस्याओं को लेकर वह संसद में आवाज बुलन्द करेंगे। उन्होने रामपुर खास के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र से जीत में निर्णायक भूमिका को देखते हुए यहां के विकास को वह प्राथमिकता देंगे। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन अस्सी में तिरालिस सीटों पर जीत हासिल की। यह प्रदेश की राजनीति में 2027 में उत्तर प्रदेश गठबंधन के नाम होने का हमारे लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होनें कहा कि इस लक्ष्य के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से ही जनता के बीच समर्पित होने का संकल्प लेना चाहिए। धन्यवाद दिवस के तहत कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना व सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल का माल्यार्पण कर सम्मान किया। वहीं विधायक मोना ने कार्यकर्ताओं को भी पार्टी ध्वज प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का संयोजन ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व पार्टी ब्लाक अध्यक्ष दृगपाल यादव ने किया। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने स्वागत भाषण तथा डॉ. अमिताभ शुक्ल ने आभार जताया।

## जम्मू कश्मीर में आतंकी गोलीबारी के चलते श्रद्धालुओं की मौत चिन्ताजनक: प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने जम्मू कश्मीर के शिव खोड़ी तीर्थस्थल के समीप आतंकियो द्वारा श्रद्धालुओं से भरी बस पर खौफनाक अंदाज में फायरिंग की घटना को बेहद चिंताजनक करार दिया है। रामपुर खास के दौरे पर आये राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि आतंकी हमले में बस में सवार तीर्थयात्रियों में एक मासूम समेत नौ श्रद्धालुओं की मौत तथा तैंतीस श्रद्धालुओं के घायल होने की घटना अत्यन्त दुखद एवं समूचे राष्ट्र को मर्माहत करने वाली घटना है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार एक तरफ जम्मू कश्मीर से धारा तीन सौ सत्तर हटाकर शांति बहाली का थोथा दावा कर रही है।

# पीएम को गाली देने वाले युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के भारतलाल पटेल की तहरीर पर पुलिस ने प्रधानमंत्री को गाली देने वाले युवकों के खिलफ मारपीट का मुकदमा दर्ज है। बता दें कि मुरस्सापुर निवासी भारत लाल पटेल जो भाजपा सेक्टर संयोजक हैं, शनिवार की शाम परियावां मुस्लिम बस्ती के दो तीन आरोपित एक समुदाय के युवकों ने भारत लाल को देखते ही भारत के प्रधानमंत्री का नाम लेते हुए भद्दी-भद्दी गालियां दी थी। और उससे बहस होने के बाद मारपीट की थी। रविवार की सुबह पीड़ित भारतलाल पटेल ने युवक फिरदौस आलम उर्फ़ गुंडा पुत्र महमूदुल, शमीम चोटी पुत्र पीर बख्श, रौनक़ सुत मुनीम के खिलाफ नामजद तहर्री नवाबगंज पुलिस को दिया घटना की तहरीर मिलते ही नवाबगज थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने मामले की जाँच पड़ताल के लिए हलका एस् आई को घटना की जाँच के लिए मौके पर भेजा।

इस बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि जांच पड़ताल् मे रेलवे फाटक पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज व आस पास के दुकानदारों से पूछताछ के दौरान घटना के दोषी पाये जाने पर उक्त आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और आरोपियों की तलाश जारी है।

## अश्वनी राणा बने बसपा के जिलाध्यक्ष

**प्रतापगढ़।** बसपा के पूर्व मुख्य कोऑर्डिनेटर प्रयागराज, मिर्जापुर मंडल अशोक कुमार गौतम पूर्व राज्यमंत्री व लोकसभा कौशाम्बी से गत चुनाव लड़े शुभनारायन गौतम को पार्टी ने निष्कासित कर दिया। प्रयागराज के मुख्य मंडल प्रभारी राजू गौतम व अमरेंद्र बहादुर भारती ने संयुक्त प्रेस नोट जारी कर निष्कासन की जानकारी दी। इसी तरह प्रतापगढ़ लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के चलते जिलाध्यक्ष सुशील गौतम पदच्युत किये गये तो वहीं एक बार बसपा सुप्रीमो ने पूर्व अध्यक्ष अश्वनी राणा पर भरोसा जताकर जिलाध्यक्ष पद पर ताजपोशी की है। प्रतापगढ़ से लोकसभा का चुनाव लड़े प्रथमेश मिश्र सेनानी को जिला प्रभारी बनाया गया है।

# जिले में आज से कांग्रेस निकालेगी धन्यवाद यात्रा

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबन्धन को मिले जन समर्थन को देखते हुए 11 जून से 15 जून 2024 तक जिले के समस्त लोकसभा क्षेत्रों में समस्त कांग्रेसजनों के सहयोग से अलग-अलग तिथियों में विधान सभावार धन्यवाद यात्राओं का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातें आज यहाँ जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इन्दिरा भवन पर आयोजित प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कही।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने बताया कि




पत्रकारवार्ता में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी।

धन्यवाद यात्राओं को सम्पन्न कराने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले की समस्त विधान सभाओं में प्रभारी की नियुक्ति कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त समस्त विधान सभाओं में सभी ब्लाक अध्यक्षों को उनकी विधान सभा में सह-प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि विधान सभा पट्टी में महेन्द्र के शुक्ल को विधान सभा-रानीगंज में रामलवट यादव को, विधान सभा सदर में डॉ0 प्रशान्त देव शुक्ल को, विधान सभा विश्वनाथगंज में डॉ0 अजय सिंह, विधान सभा रामपुर खास में डॉ0 वी0के0 सिंह को, विधान सभा बाबागंज में योगेश यादव को व विधान सभा कुण्डा में करूण पाण्डेय को विधान सभा प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 11 जून को सदर, 12 जून को विश्वनाथगंज, 13 जून को पट्टी, 14 जून को रामपुर खास, 15 जून को रानीगंज, 16 जून को बाबागंज व कुण्डा में सम्पन्न होगी। डॉ0 त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश में इण्डिया गठबन्धन को अभूतपूर्व सफलता मिली है। पत्रकारवार्ता में डा0 वीके सिंह, डा0 प्रशांत देव शुक्ल, सुरेश कुमार मिश्रा, वैद्यनाथ यादव व वेदान्त तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालयों में हो स्काउटिंग का संचालन: बीएसए

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा निदेशक (बेसिक) के जारी निर्देश के तहत स्काउटिंग/गाइडिंग को कक्षा एक से पांच तक संचालित प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में संचालित किया जाएगा। इस दौरान कम से कम एक-एक दुरिकता बुलबुल की अवश्य पंजीकृत करायें। प्रत्येक दल में 24 कब अथवा 24 बुलबुल होगें, इसी प्रकार प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में कम से कम एक-एक यूनिट (दल) स्काउट तथा गाइड की अपंजीकृत कराये। प्रत्येक दल में 32 स्काउट अथवा 32 गाइड होगें। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर दलों की संख्या उसी अनुपात में बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि दलों का पंजीकरण तथा पुराने पंजीकृत दलों के नवीनीकरण की कार्यवाही कराते हुए सम्पूर्ण सूचना पंजीकरण/नवीनीकरण फार्म निर्धारित प्रारूप पर 15 जुलाई तक तक निदेशालय को भेजी जाएगी।

### जमीन विवाद में विपक्षी हो रहे आमदा फौजदारी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के सदहां गांव में जमीन के विवाद में विपक्षियों पर आमादा फौजदारी होने के आरोपों की तहरीर पुलिस को दी गई है। गांव के रहने वाले राधेश्याम सरोज ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन में निर्माण कर रहा था।इसी दौरान विपक्षी एक राय होकर आए और निर्माण का रोक दिए। मारने पीटने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच-पड़ताल में हुई है।

# निःस्वार्थ भगवान का सुमिरन जीवन के लिए सुखदायी: प्रियंका पाण्डेय

### लखहरा में सामूहिक श्रीराम कथा में गोविंद शास्त्री ने भगवान की महिमा का किया गुणगान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के लखहरा में पांच दिवसीय सामूहिक श्रीराम कथा में काशी से पधारीं कथावाचिका प्रियंका पाण्डेय के श्रीराम केवट संवाद को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मानस गंगा प्रियंका पाण्डेय ने कहा कि केवट का भगवान श्रीराम के प्रति निःस्वार्थ समर्पण का भाव था।

उन्होंने कहा कि भगवान भक्त के भाव के ही भूखे हुआ करते हैं।



लखहरा में सामूहिक श्रीराम कथा सुनातीं प्रियंका पाण्डेय।

उन्होनें कहा कि भाव से भगवान को तुलसीदल और गंगाजल अर्पित कर मनुष्य प्रभु की कृपा का मंगलफल प्राप्त किया करता है। उन्होने कहा कि मां गंगा भगवान की सुपुत्री हैं और मां जानकी साक्षात भगवती के रूप में भक्तों के लिए सुखदायी है। कथा को आगे बढ़ाते हुए आजमगढ़ से पधारीं पं. गोविन्द शास्त्री जी ने श्रीराम रावण युद्ध को लेकर श्री लक्ष्मण की मूर्क्षा में संत हनुमन्त के प्रभु के समर्पण से जुडी मनमोहक कथा का वर्णन किया। उन्होनें कहा कि संसार में सुख हो या दुख भवसागर से पार होने का एक मात्र सहारा रामनाम ही है। इस मौके पर अशोकधर द्विवेदी, डा. अर्चना सिंह, राममिलन शुक्ल, डा. शशिबाला सिंह, सीमा सिंह, शीला सिंह, सतीश उपाध्याय, अजीत मिश्र, दिनेश सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रेमचंद्र पाण्डेय, विकास मिश्र, अमित केशरवानी, विनयचंद्र परिहार, विक्रम सिंह, लक्ष्मी सिंह आदि रहे।

## परदेस से लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के दशरथपुर बाजार में परदेस से लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जहां से शव वापस घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन युवक के शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर रवाना हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के दशरथपुर बाजार के रहने वाले शिवम जायसवाल पुत्र स्वर्गीय संतलाल दो दिन पूर्व मुंबई शहर से वापस घर लौटकर आया। घर पहुंचते ही उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लेकर आए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में भी उपचार के दौरान हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने युवक को एसआरएन प्रयागराज रेफर कर

### स्वरूपरानी अस्पताल में चल रहा था इलाज

दिया इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना पर पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां से शव वापस घर आया तो परिजनों में कोहराम मच गया। बता दे मृतक युवक दो बहन व दो भाइयों में सबसे छोटा था। और मुंबई शहर में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। दोनों बहनों का विवाह हो चुका है। जबकि बड़ा भाई हरि ओम घर पर ही रहकर दुकान का कामकाज देखता है। उसकी शादी अभी नहीं हुई है। युवक की मौत से मां मालती देवी समेत सभी परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद जब युवक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मौके पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ जमा रही।

# हेल्थ कैंप में 19 रेल कर्मी शुगर और हाइपरटेंशन के शिकार मिले

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन हेल्थ यूनिट में सोमवार को हेल्थ कैंप लगाया गया। जिसमें 19 रेल कर्मी शुगर और हाइपरटेंशन के मरीज मिले। जिन्हें सलाह और दवाएं दी गई। कैम्प में कुल 52 रेल कर्मियों का स्वास्थ परीक्षण डाक्टरों की टीम ने किया। जिसमें दस मरीज शुगर और नौ हाइपर टेंशन के मिले। कैंप में डाक्टर पंकज गोयल, बद्री पाठक, अश्विनी यादव, विजय वर्मा, संजय चतुर्वेदी और नितिन ने सहयोग किया।

डाक्टरों ने बताया कि अत्यधिक वर्क लोड के कारण टेंशन और खानपान पर ध्यान न देने की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। अगर ड्राइवर की बात की जाय तो उन पर काफी लोड रहता है। समय पर छुट्टी भी नहीं मिल पाती हैं। छोटी छोटी बात पर अधिकारी अलग से फोन करके दबाव बनाते हैं। जिसके कारण रेल कर्मी शुगर और टेंशन के शिकार हो रहे हैं। रेल कर्मियों



हेल्थ कैम्प में रेल कर्मी की जांच करते चिकित्सक।

का कहना है कि इस तरह के कैंप बीच बीच में लगने चाहिए। ताकि उन्हें स्वास्थ का बारे में सटीक जानकारी प्राप्त हो सके। इस बारे में जन संपर्क अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि रेल कर्मियों के स्वास्थ हित को देखते हुए यह कैंप आयोजित किया गया था।

## रेलवे वाशिंग लाइन पर मिली अधेड़ की लाश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन की वाशिंग लाइन के समीप एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति की लाश जीआरपी को मिली है। सोमवार को दोपहर में जीआरपी को सूचना मिली कि एक लाश पड़ी है। एसओ के अनुसार लाश किसी भिखारी की है। उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक दिन पहले भी एक वृद्धा की लाश पुल के नीचे मिली थी। चर्चा है कि दोनो मौतें गर्मी के कारण हुई है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

# नि:शुल्क स्वर्णप्राशन शिविर में 85 बच्चों को पिलाई गयी दवा

### आरोग्य भारती एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जन्म से 16 वर्ष तक बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद विभाग एवं आरोग्य भारती काशी प्रांत की प्रतापगढ़ इकाई द्वारा सोमवार को सदर मोड़ स्थित सिद्धि चाइल्ड केयर क्लिनिक पर स्वर्णप्राशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 85 बच्चों को स्वर्णप्राशन की निःशुल्क खुराक दी गयी। शिविर का उद्घाटन भगवान धन्वंतरि के पूजन के साथ हुआ।

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय छितपालगढ़ के प्रभारी चिकित्साधिकरी डा अवनीश पाण्डेय ने बताया कि आयुर्वेद में हमारे ऋषि मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व वायरस और बैक्टीरिया जनित बीमारियों से लड़ने के लिए एक ऐसा रसायन तैयार किया था जिसे स्वर्णप्राशन कहा जाता है। इसे शुद्ध स्वर्णभस्म के नैनोपार्टिकल निश्चित अनुपात में गाय के घी व शहद के साथ ड्रॉप के रूप में तैयार किया जाता है। स्वर्णप्रशान बच्चों के लिए बेहद ही लाभदायक होता है। यह




बच्चों को स्वर्णपाशन की खुराक खिलाते चिकित्साधिकारी।

उनकी इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ-साथ उनकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने में भी मददगार होता है। इस बात को ध्यान में रखकर ही इस शिविर का आयोजन किया गया था ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक बच्चे इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि लखनऊ स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में हुए शोध मे देखा गया है कि स्वर्णप्राशन लेने वाले बच्चे, अन्य बच्चों की तुलना में कम बीमार होते हैं। वरिष्ठ चिकित्सक डा सुरेश शर्मा ने कहा कि स्वर्णप्राशन से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ रही है। पुष्य नक्षत्र में औषधि देने का कोई ज्योतिषी कारण नहीं।

जनजागरूकता के लिए विशेष दिन निर्धारित किया है। ऐसे बच्चे जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, उन्हें हर माह स्वर्णप्राशन कराने के लिए आरोग्य भारती का प्रयास जारी रहेगा। क्लिनिक के संचालक एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा0 विभाकर मिश्रा ने बताया एक से सोलह वर्ष तक के बच्चों के बार-बार बीमार होने का कारण उनकी कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता है। बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बाधित होता है। लंबाई पर असर पड़ता है। इस दवा से बच्चे स्वस्थ, शक्तिशाली और स्मार्ट बनेंगे। डा अवनीश ने बताया कि विगत वर्ष आयुर्वेद विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रतापगढ़ जिले ने एक ही दिन चार हजार बच्चों को स्वर्णप्राशन कराने का रिकार्ड भी बनाया था। शिविर में डा सुरेश शर्मा, डा शम्मित्र गुप्ता, अमित शुक्ला, राकेश शर्मा, डा सैय्यद मसूद, डा विभाकर मिश्रा, डा अवंतिका पाण्डेय, डा विवेक पाण्डेय, डा अवनीश पाण्डेय, सतीश सिंह उपस्थित रहे।

## जेठानी पर मारपीट करने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार की रहने वाली महिला ने अपनी जेठानी व उसके बेटों पर मारपीट के आरोपों की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि उडैयाडीह बाजार की रहने वाली सोना पत्नी बबलू मौर्या ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका पति व बेटा रोजी-रोटी के सिलसिले में परदेश रहती हैं। उसकी जेठानी व उनके बेटे आए दिन उसे मारते पीटते हैं। सोमवार की सुबह सात बजे जेठानी अपने दो बेटों के साथ मिलकर उसकी रॉड, ईंट और डंडे से पिटाई कर दी। घायल महिला मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची और पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायल महिला को मेडिकल परीक्षण को भेज मामले की जांच में जुटी है।

### दुबई कार्निवल मेले का क्षेत्राधिकारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे के मेला ग्राउंड में दुबई कार्निवल मेले का आयोजन किया गया है। मेले का शुभारंभ पट्टी सर्कल के क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय ने किया उद्घाटन के दौरान क्षेत्राधिकारी के साथ पट्टी कोतवाल आलोक कुमार, नायब तहसीलदार पवन सिंह के साथ ही कस्बे के तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे। बता दे दुबई कार्निवल मेले में हवाई झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन के साथ ही भूत बंगला आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जबकि दुबई कार्निवल मेले में लगाई गई है। युवा के साथ ही बुजुर्ग भी सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं।

# दो पक्षों में जमकर चली लाठी आधा दर्जन से अधिक लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के ग्राम पंचायत ऊनो में 9 जून की सुबह जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी चली हैं जिससे दोनों पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग लहूलुहान हुए हैं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है दो पक्षों के बीच लाठी चलने के मामले में स्थानीय लेखपाल की भूमिका सवालों के घेरे में है लेकिन वह सरकारी कर्मचारी है तो उस पर कौन मुकदमा दर्ज करेगा जिससे उसका हौसला बुलंद है और वह काली कमाई के चक्कर में आए दिन गांव में विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रहा है। ऊनो गांव के साधु पवन गांव के बाहर झोपड़ी में बैठे थे इसी बीच वीरेंद्र सुरेंद्र देव मूर्ति राम बहादुर पुत्र देवनारायण आदि लाठी लेकर पवन के पास पहुंचे और उस पर हमला कर दिया चीख पुकार सुनकर पवन के भाई सूर्यभान रामनारायण शिव मूरत उसे बचाने पहुँचे जिस पर दबंगों ने चारों भाइयों पर लाठियां से हमला कर दिया इस हमले में पवन सहित चारों भाई गंभीर तरीके से घायल हो गए किसी का सिर फट गया तो किसी का हाथ टूट गया मौके पर कोहराम मच गया हमले में दूसरे पक्ष के वीरेंद्र






सुरेंद्र देव मूर्ति राम बहादुर आदि भी घायल हैं घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है पुलिस में मुकदमा दर्ज कर लिया है सूर्यभान ने एप्लीकेशन दिया तो थाने मैं एप्लीकेशन बदलवाकर अपने मनमर्जी से एप्लीकेशन लिखी गई है 24 घंटे बीत जाने के बाद घायलों का मेडिकल कराया गया है दो पक्षों में खून खराबा में गांव के लेखपाल की भी भूमिका सवालों के घेरे में है सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर गांव में खून खराबा हुआ है यदि सरकारी जमीन में कब्जे के मामले में लेखपाल निष्पक्ष तरीके से कार्यवाही कर देता तो गांव में खून खराबा ना होता लेकिन क्या इस मामले में लेखपाल की भी गिरफ्तारी होगी या फिर साजिश रचने वाले लेखपाल इसी तरह से खून खराब कराते रहेंगे।

## 24 घंटे बाद महमदपुर की तराई में उतराता पाया गया नदी में डूबा शव

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के संदीपन घाट गंगा नदी में रविवार की सुबह 6 साथी गंगा स्नान करने गए थे गंगा स्नान के दौरान अरविंद कुमार पुत्र संगम लाल निवासी नौढिया कोखराज गंगा नदी के गहरे जल में चला गया जिससे वह डूब गया नाविकों के सहारे उसकी खोजबीन शुरू हुई लेकिन रविवार को उसका सुराग नहीं लग सका थाना पुलिस और जल पुलिस की मदद से नदी में अरविंद को खोजने का लगातार



प्रयास चलता रहा सोमवार की सुबह महमदपुर गांव के पास तराई में उतरता हुआ युवक का शव पाया गया है शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लगी हुई है।



## सभी विधान सभा में कांग्रेस निकालेगी धन्यवाद यात्रा

**कौशाम्बी।** जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें जानकारी दी गई कि लोकसभा चुनाव में जनता ने जिस तरह का अभूतपूर्व सहयोग इंडिया गठबंधन को दिया है उसके लिए कांग्रेस पार्टी प्रत्येक ज़िले की सभी विधान सभा में एक धन्यवाद यात्रा निकालने का कार्यक्रम करेगी , जिसमें तय किया गया 11 जून को चायल तहसील के बड़े गांव पट्टी परवेजाबाद में सुबह 11 बजे ,दिनाँक 13/06/24 को करारी में शाम 4:00 बजे तथा दिनाँक 15/6/24 को अझुआ में अपराह्न 3:30 बजे धन्यवाद यात्रा का कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय ने सभी कार्यकताओं से अपील की है कि उपरोक्त सभी धन्यवाद यात्रा कार्यक्रमों में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें एवं जिस विधानसभा से संबंधित जो भी कार्यक्रम है उन विधानसभा के जो भी पदाधिकारी उन विधानसभा के निवासी हैं उनकी उपस्थिति अनिवार्य है सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं इस मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव पांडेय , पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम , वरिष्ठ कांग्रेसी राम बहादुर त्रिपाठी , युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अल्कामा सिद्दीकी , राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी , शम्मू जाफरी , नूरतजमा ,आबिदा बेगम सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## रिहायशी इलाके में चलने वाले पेठा एवं ब्रेकरी फैक्ट्री से उत्पन्न हो रही समस्या

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के केशव नगर जंगली की बगिया में पेठा एवं ब्रेकरी की फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है इस फैक्ट्री से निकलने वाले धुंआ से वायु प्रदूषण फैल रहा है जो गंभीर बीमारियों का कारण बन रहा है मोहल्ले के लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं पेठा और ब्रेकरी फैक्ट्री से निकलने वाले सड़े गले सामानों को नाली और सड़क पर फेंक दिया जाता है जिससे बैक्टीरिया कीटाणु मच्छर मक्खी जन्म लेते हैं और गंभीर बीमारी को जन्म देते हैं फैक्ट्री संचालक के कारनामे से लोग परेशान हैं फैक्ट्री तक आने-जाने के लिए बड़े वाहनों का प्रयोग किया जाता है जिससे नाली और सड़क टूट जाती है मोहल्ले में चारों ओर गंदगी का साम्राज्य व्याप्त होता जा रहा है जिससे मोहल्ले के लोग परेशान हैं नाली क्षतिग्रस्त होने से सड़कों में जल भराव हो रहा है



जिससे आने वाले बरसात के दिनों में मोहल्ले के लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ेगा मोहल्ले के सत्येंद्र सिंह जितेंद्र सिंह गीता देवी हरिशंकर अनिल कुमार मनोज तिवारी अमन श्रीवास्तव सोनू सेन लक्ष्मीकांत आशीष कुमार सौरभ शर्मा शिवेंद्र प्रताप सिंह ममता देवी सहित तमाम लोगों ने नगर पालिका परिषद को पत्र देकर पेठा और ब्रेकरी फैक्ट्री पर कार्यवाही की मांग की है।

## रोजगार मेले का आयोजन 13 जून को

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 13 जून 2024 को राजकीय आईटीआई मंझनपुर के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आईटीआई/ नॉनआईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी ने देते हुए अवगत कराया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/ रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकतें हैं।

# निर्माणाधीन बौद्ध सर्किट को विस्तार कर राम वन गमन पथ से जोड़ा जाए : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज से बुद्ध तपस्थली कौशांबी मार्ग को राम वन गमन पथ से जोड़े जाने की मांग को लेकर सड़क पर उतरे सकिपा कार्यकर्ता, प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में सोमवार 10 जून को पार्टी के तमाम कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय मंझनपुर में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और नारेबजी करते हुए अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक सात सूत्रीय ज्ञापन भेजवाया । भेजे गए ज्ञापन के माध्यम से प्रयागराज से बुद्ध तपस्थली कौशांबी तक निमार्णाधीन बौद्ध सर्किट को विस्तार कर राम वन गमन पथ से जोड़े जाने की मांग की गई। सोमवार को समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी डायट मैदान मंझनपुर में एकजुट हुए और बैठक की। बैठक में बोलते हुए पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने प्रदेश सरकार से मांग उठाई कि बुद्ध तपस्थली कौशांबी तक निमार्णाधीन बौद्ध सर्किट को विस्तार कर राम वन गमन पथ से जोड़ा जाए



ताकि राम वन गमन पथ होकर बौद्ध सर्किट बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जुड़ सके। आगे कहा कि इससे बुद्ध तपस्थली कौशांबी खास आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों को भारी सहूलियत होगी और उनकी संख्या में भारी इजाफा होगा। साथ ही इससे चित्रकूट से प्रयागराज और प्रयागराज से चित्रकूट आवागमन करने वाले लोगों को भारी सहूलियत होगी और बुद्ध तपस्थली कौशांबी पर्यटन का हब बनेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा एवं यमुना के पिछड़े तराई क्षेत्र का विकास होगा साथ ही सरकार को राजस्व में भारी वृद्धि होगी। आगे कहा कि बौद्ध सर्किट कौशांबी से राम वन गमन पथ की कुल दूरी मात्र 30 किमी है। अगर बौद्ध सर्किट को 30 किमी और विस्तारित कर इसे राम वन गमन पथ से जोड़ दिया जाए तो निश्चित रूप से बौद्ध सर्किट, राम वन गमन पथ एवं बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे एक सूत्र में जुड़ जायेंगे और समूचा कौशांबी परिक्षेत्र पर्यटन का हब बन जायेगा। इसी तरह बैठक में पार्टी नेता विनोद सरोज ने कहा कि बुद्ध तपस्थली कौशांबी स्थित बौद्ध सर्किट को राम वन गमन पथ से जोड़ने से प्रयागराज और चित्रकूट आने जाने वाले पर्यटकों को बुद्ध तपस्थली कौशांबी होकर गुजरना होगा जिससे इसकी पहचान में वृद्धि होगी और कौशांबी की पहचान एवं सम्मान देश विदेश में बढ़ेगी जिससे और अधिक संख्या में बौद्ध एवं जैन धर्म के मानने वाले लोग यहां आएंगे। बैठक के बाद सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने जुलूस की शक्ल में जिला कलक्ट्रेट मंझनपुर पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक सात सूत्रीय ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड को सौपा। सौपे गए ज्ञापन में बौद्ध सर्किट कौशांबी खास को राम वन गमन पथ से जोड़े जाने की मांग की गई। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, मुन्ना लाल तिवारी, विकास कसेरा, सुरजीत वर्मा, फूलचंद्र लोधी, राजेश यादव, भैरव प्रसाद गौतम, दिलीप गौतम, तेज बहादुर सिंह, बद्री प्रसाद प्रजापति, मुन्ना पटेल, भगवान दास वर्मा, मो सारुख, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

# ऊनो और कुलौली ग्राम सभा में 100 करोड़ कीमत की 100 बीघा सरकारी जमीन पर हुआ कब्जा

**10 वर्षो के बीच तहसील प्रशासन की देखरेख में सरकारी जमीन पर लगातार हो रहा कब्जा**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के ऊनो गांव और उसके मजरा कुलौली की चारागाह खलिहान तालाब ऊसर चकरोड मार्ग चमड़ा निकालने का स्थान बंजर सहित विभिन्न कई दर्जन सरकारी जमीन पर सरकारी नुमाइंदों द्वारा 10 वर्षों से लगातार कब्जा कराया गया है लगातार ग्रामीण अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं लेकिन जांच के नाम पर केवल लीपा पोती होती है सरकारी जमीन से कब्जा नहीं खाली हुआ है ऊनो और कुलौली गांव सभा की 100 बीघा से अधिक सरकारी जमीन पर कब्जा हो चुका है जिसकी बाजारू कीमत 100 करोड़ रुपए है लेकिन अभी गांव में कब्जा नहीं रुका है और किसी कब्जा धारक पर ठोस कार्रवाई कर सरकारी जमीन कब्जा मुक्त नहीं कराई गई है जिससे तहसील प्रशासन की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं गांव की आराजी संख्या 210 प्राइमरी स्कूल और पानी टंकी की जमीन के सामने सड़क के दोनों किनारे 300 फीट से ऊपर सरकारी जमीन पर वर्तमान में फिर कब्जा कराया गया है और अभी मिट्टी डालकर जमीन पर कब्जा हो रहा है छपरा और बंगला बनाया जा रहा है हौदा और चरही बन रही है लेकिन लेखपाल को कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है खलिहान और चारागाह में फसल तैयार कर के लाखों रुपए की कमाई अवैध प्रत्येक वर्ष कब्जा धारक कर रहे हैं जिलाधिकारी के नाम पर भी गांव में जमीन है जिस पर भी कब्जा हो चुका है हर मामले में लेखपाल हिस्सेदार है मामले को लेकर तीन दर्जन बार से अधिक ग्रामीणों ने एसडीएम और डीएम को शिकायती पत्र दिया है आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायतें हुए लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई जबकि हिंच लाल तिवारी आदि के मुकदमे में उच्च न्यायालय ने तालाब की जमीन पर कब्जे को खाली करने का निर्देश दिया है लेकिन उसके बाद भी तालाब के कब्जे नहीं खाली हुए हैं धीरे-धीरे 100 बीघा सरकारी जमीन 100 करोड़ कीमत की ऊनो और कुलौली ग्राम सभा में कब्जा हो चुकी है लेकिन अवैध कब्जा को खाली कराने में केवल अधिकारी ड्रामेबाजी कर रहे हैं गांव के कब्जे की सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय को नहीं भेजी गई है जिससे इन अधिकारियों की भ्रष्टाचार में संलिप्तता का अंदाजा लगाया जा सकता है गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर तनाव की स्थिति बनी है रविवार को दो पक्षों में सरकारी जमीन कब्जे को लेकर फिर विवाद हुआ जिसमें खून खराबा हुआ और आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए अवैध कमाई के चक्कर में लेखपाल गांव में खून खराब कराने में पीछे नहीं छूट रहा है सरकारी जमीन कब्जे की अधिकारियों से शिकायत के बाद कब्जा धारकों को फोन करके लेखपाल सूचना दे देता है कि उक्त व्यक्ति ने तुम्हारी शिकायत की है जिससे गांव में तनाव उत्पन्न होता है और आए दिन झगड़ा होते हैं आखिर खून खराबा करा कर अवैध कमाई करने वाले लेखपाल पर कब मुकदमा दर्ज कर इसकी गिरफ्तारी कराई जाएगी और कब 100 करोड़ कीमत की सैकड़ो बीघा सरकारी जमीन खाली कराई जाएगी आराजी संख्या 210 पर सरकारी स्कूल बना है बगल में पानी टंकी बनी है बगल में चमड़ा निकालने का स्थान 209 नंबर में दर्ज है लेकिन इस सब सरकारी जमीन के मुख्य हिस्से पर कब्जा हो चुका है और तहसील प्रशासन तमाशा देख रहा है।

## घटिया निर्माण की शिकायत के बाद काम छोड़कर भाग खड़ा हुआ ठेकेदार!

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के चकमाहपुर में गणेश प्रसाद के घर से फूलचंद यादव के घर तक सीसी रोड और नाली का निर्माण नगर पालिका द्वारा ठेकेदार से कराया जा रहा है नाली और सीसी रोड के निर्माण में जमकर मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है जिसकी शिकायत वार्ड के लोगों ने सभासद सूरज यादव से किया है जिस पर सूरज यादव ने मामले की शिकायत अवर अभियंता और अधिशासी अधिकारी से की जिस पर अवर अभियंता ने मौके पर जाकर सड़क और नाली निर्माण की जांच की तो शिकायत सही पाई गई घटिया निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था शिकायत के बाद ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया है अधूरे नाली और अधूरे सड़क के चलते मोहल्ले के लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है जिस पर सूरज यादव सभासद ने फिर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को शिकायत पत्र देकर के ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### श्रीरामकथा समापन के बाद हुआ भंडारा हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के धमाबा कैमा स्थित त्यागी जी आश्रम में आयोजित हुई साप्ताहिक श्रीरामकथा के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया त्यागी बाबा आश्रम में पिछले 3 जून से साप्ताहिक श्रीरामकथा का आयोजन हुआ था। श्रीरामकथा के समापन के बाद आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे की सूचना पर आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोगों ने आश्रम में पहुंचकर भगवान का प्रसाद पाया। भंडारे में भारी भीड़ देखने को मिली। खासकर महिलाओं और नवजवानों ने भंडारे में भारी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बंदरों और गौशालाओं में गायों को भी भगवान का प्रसाद वितरित किया गया



### सड़क के बीच जगह-जगह टूटी नाली से होते है हादसे

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के जिला होम्योपैथी अस्पताल जाने वाले रास्ते से सैकड़ो परिवार के लोगों को आना जाना है होम्योपैथी अस्पताल जाने वाले मरीजों को भी इस रास्ते से आना जाना पड़ता है इस रास्ते के बीच में नाली का निर्माण कर दिया गया है और नाली के ऊपर ढक्कन इतना कमजोर लगाया गया है की जगह-जगह नाली का ढक्कन टूट गया है जिससे नाली खुल गई है सड़क के बीच नाली का ढक्कन टूट जाने के बाद आए दिन हादसे होते हैं लोग चोटहिल होते हैं इस रास्ते में चार पहिया वाहन आने जाने की बात तो छोड़िए दो पहिया वाहन का निकालना भी मुश्किल है लेकिन दो वर्षों से अधिक समय से सड़क के बीच में दर्जनों गड्ढे होने के बाद इस सड़क का निर्माण नगर पालिका ने नहीं कराया है जबकि कई बार योगी सरकार ने सड़क को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया योगी सरकार के निर्देश पर सड़क को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर लोक निर्माण विभाग से लेकर विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने करोड़ों की रकम खर्च कर दी लेकिन होमियोपैथी अस्पताल जाने वाले इस सड़क के गड्ढे को बंद नहीं किया गया है जिससे आम जनता परेशान है।



### सेक्सुअल हरैसमेंट एक्ट के विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता कार्यकम का आयोजन

**कौशाम्बी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रस्तावित एक्शन प्लान के तहत एवं जनपद न्यायाधीश, कौशाम्बी अनुपम कुमार के निर्देशन पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी के तत्वाधान में जिला चिकित्सालय में 10 जून को अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल की अध्यक्षता मे सेक्सुअल हरैसमेंट एक्ट के विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यकम में जिला चिकित्सालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों एवं उपस्थित अन्य जनमानस को अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सेक्सुअल हरैसमेंट एक्ट की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही शशी त्रिपाठी द्वारा वन स्टाप सेन्टर के उद्देश्य एवं योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में डा० सरस्वती विश्व प्रकाश बाल रोग चिकित्साक, पी०एल०वी० अर्चना पाल, डा. मृदुला रंजन, नेत्र रोग चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी व जनमानस को उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पम्फलेट भी वितरित किया गया



### भरवारी के एस हर्षवर्धन का पहले प्रयास में ही आईआईटी में हुआ सेलेक्सन, परिजनों में खुशी

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के नेहरू नगर निवासी मीनाक्षी, जय सिंह के पुत्र एस हर्षवर्धन ने जहां एक ओर वर्ष 2024 की इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 90 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया, वही रविवार को आए आईआईटी की परीक्षा के रिजल्ट में 12432 रैंक प्राप्त करते हुए गवर्नमेंट संस्थान में प्रवेश के लिए स्थान सुनिश्चित किया। जैसे ही आईआईटी का रिजल्ट आया परिजनो के साथ ही साथ पड़ोसियों के भी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, यह सफलता इसलिए भी और मायने रखती है क्योंकि हर्षवर्धन ने इंटरमीडिएट की तैयारी के साथ ही साथ आईआईटी की भी तैयारी किया, और इसी वर्ष इंटरमीडिएट एवं आईआईटी दोनों ही परीक्षाओं को दिया और दोनों में अभूतपूर्व सफलता अर्जित किया।हर्षवर्धन के माता-पिता ने बेटे की इस सफलता का श्रेय सेंट फ्रांसिस स्कूल में प्राप्त की गई उसकी हाई स्कूल तक की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था को दिया। हर्षवर्धन ने हाई स्कूल की परीक्षा में जहां अपने विद्यालय सेंट फ्रांसिस में टॉप किया था वहीं जनपद की मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त किया था इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए परिजनों ने उसे राजस्थान भेज दिया था।



## रोड़ के लिए कड़ी धूप में धरना पर बैठे ग्रामीण

**कौशाम्बी।** तहसील चायल के मुरतगंज ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत समसपुर के मिश्रा चौराहे से लेकर धमसेड़ा गांव तक जाने वाली सड़क करीब 25 वर्ष पहले बनाई गई थी तब लेकर आज तक सड़क की मरम्मत न होने के कारण सड़क पुरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है नाम की डामर रोड है बस बाकी उसमे लगे गिट्टी पत्थर तक उखड़ कर बड़े बड़े गड्ढे में तब्दील हो चुकी है जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार शासन प्रशासन और नेताओं से शिकायत की किन्तु ग्रामीणों की कोई सुनवाई नहीं हुई तो अन्त में अजीज आकर समसपुर गांव के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी कार्यालय के बाहर कड़ाके की धूप में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए।

# कौशांबी से गए जायरीनों ने ईरान में तिरंगा फहराकर किया मुल्क से प्यार का इजहार

**कौशाम्बी।** हिंदी हैं हमवतन हैं, हिंदोस्तां हमारा...। देशभक्ति का यह जज्बा किसी के कहने या सिखाने से नहीं आता। यह तो वह जज्बात हैं जो खुद-ब-खुद दिलों में रहता है। जियारत करने इराक, सीरिया और ईरान पहुंचे कौशांबी के जायरीनों ने तिरंगा लहराया। मुस्लिमों ने वहां न सिर्फ हिंदुस्तानी संस्कृति को बयां किया, बल्कि देशभक्ति के तराने भी वहां गुनगुनाए। इसके अलावा करबला, नजफ, मशहद, तेहरान, कुम, दमिश्क, शाम आदि पवित्र स्थल में तिरंगा लहराया। हिंदुस्तान को आजादी दिलाने में वैसे तो हिंदू और मुस्लिम दोनों ने ही कुर्बानियों की बेहतरीन मिसालें पेश की हैं, लेकिन सांप्रदायिक माहौल खराब कर देश की ख्याति को नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिशें भी हुईं। इसी को देखते हुए कौशांबी जनपद के युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने मुस्लिम देशों में हिंदुस्तानी की एकता और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने का




जिम्मा उठाया है। करारी थाना के लहना गांव के रहने वाले मौलाना सैयद जाहिद हुसैन 17 मई को चालीस लोगों का काफिला लेकर इराक के नजफ शहर पहुंचे। वहां उन्होंने तिरंगा फहराकर वहां के लोगों से हिन्दुस्तान की संस्कृति के बारे में चर्चा की। मौलाना कहते हैं कि कई लोगों को यह लगता है कि हिन्दुस्तान में मुस्लिमों पर जुल्म हो रहा है, मैंने उनकी गलतफहमी दूर की, क्योंकि हिन्दुस्तान में धर्म को मानने की जितनी आजादी है, वह कहीं और नहीं है। वहीं, लहना के ही मौलाना शाहिद हुसैन और साजिद हुसैन ईरान में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। वह ईरान में हिन्दुस्तान की आजादी का जश्न मनाते हैं। इस बार भी उन्होंने 26 जनवरी पर अपने दोस्तों के साथ झंडा फहराकर मिठाई बांटने का कार्यक्रम किया था। मौलाना जाहिद हुसैन अल कौसर टूर्स के संचालक है। वो हर साल काफिला लेकर जियारत और उमरा के लिए जाते हैं। इस बार वो 40 लोगों का काफिला लेकर जियारत के लिए गए हैं। उन्होंने वहां काफिले के साथ मिलकर तिरंगा फहराकर अपने मुल्क से प्यार का इजहार किया। तिरंगा लहराता हुआ देख इरान में बसने वाले हिन्दुस्तानियों ने उसे बोसा दिया और सर आंखों पर लगाया। मौलाना बताते हैं कि इरान और इराक के लोग हिन्दी और हिन्दुस्तानी लोगों का बहुत सम्मान करते हैं। उन्हें हिन्दुस्तान का त्योहार और कल्चर बहुत पसंद है। उनके भाई अहमद रिजवी ने ईरानियों को इतिहास और ऐतिहासिक चीजों के बारे में जानकारी देकर हिन्दुस्तान आने की दावत भी दी। काफिले में मौलाना सादिक अब्बास, यादगार आलम, मंजर अब्बास, अली मेंहदी, सुल्तान नजफी, शब्बर अली, दिलनवाज, अख्तर अली, शमशुल हसन, इकबाल हसन, बाकर आब्दी, जेबा रिजवी, बेबी और जुल्फेकार आदि रहे।

## संपादक की कलम से

### मीडिया के एजेंडे पर अब कौन ?
### मजबूर सत्ता या मजबूत जनता ?

जनता का एक बड़ा वर्ग जानने को उत्सुक है कि अब जब कि चुनाव सम्पन्न हो गए हैं, तमाम अनुमानों को अंगूठा बताते हुए नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार भी शपथ ले ली है, सरकार की सेवा में समर्पण भाव से दिन-रात जुटे रहे टी वी चैनलों और अखबारों की ज़िंदगी में भी कुछ फर्क.पड़ेगा या सब कुछ पहले जैसा ही चलने वाला है ? किसी बड़े तूफान के गुजर जाने के बाद जैसे लोगों की समझ में नहीं आता कि सामान कहाँ से बटोरना शुरू करें, तूफानी चुनाव के बाद मीडिया को लेकर भी पाठकों और दर्शकों की हालत वैसी ही है।
उन्नीस अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में सम्पन्न हुई मतदान की प्रक्रिया, उसके साथ-साथ और पहले चला धुआँधार चुनाव-प्रचार, उसके पहले हुए दलों के बीच गठबंधन, टिकटों के बँटवारों से नाराज उम्मीदवारों द्वारा दल-बदल की रस्म अदायगी,"चाचा" नीतीश कुमार को लेकर बना नाटकीय घटनाक्रम सब कुछ किसी लम्बे टी वी सीरियल की तरह पाठकों-दर्शकों पर छाया रहा।
चुनावों के दौरान जनता टीवी-यूट्यूब चैनलों और अखबारों के पन्नों के साथ वैसी ही चिपकी रही जैसा किसी समय "रामायण", "महाभारत" और "चाणक्य" आदि धारावाहिकों के समय हुआ करता था। नौ जून की शाम राष्ट्रपति भवन परिसर में फि ल्माए गए अंतिम दृश्य के बाद से लोगों को सूझ नहीं पड़ रही है कि अब अपना टाइम कैसे पास करेंगे ?
नागरिकों की बड़ी चिंताओं में इस बात का शुमार भी किया जा सकता है कि अपनी पहली दो पारियों में निरंकुश बहुमत का एकाधिकारवाद भोग लेने के बाद अगर किसी सरकार को तीसरी पारी में बैसाखियों पर साँसें गिनना पड़े तो उस दौरान मीडिया की भूमिका क्या होना चाहिए ? कहा जा रहा है कि पिछली दो पारियों की तुलना में तीसरी पारी में भाजपा को मिले कमजोर समर्थन के पीछे भी असली ताकत "गोदी मीडिया" की ही रही है। खास करके हिंदी पट्टी में। इनमें टी वी, अखबार और सोशल मीडिया सभी शामिल हैं। मीडिया की भूमिका अगर निष्पक्ष रही होती तो नतीजे काफी चौंकाने वाले होते।
आपातकाल (1975) के दौरान मीडिया की भूमिका के बारे में लालकृष्ण आडवाणी ने टिप्पणी की थी कि (इंदिरा गांधी) सरकार ने तो मीडिया से सिर्फ.झुकने के लिए कहा था पर वह घुटनों के बल रेंगने लगा। मोदीजी के दस सालों के राज के दौरान आडवाणीजी ने न तो कभी मीडिया के रेंगने को लेकर कोई टिप्पणी की और न ही स्वयं की भूमिका को लेकर। जिस तरह "घोषित आपातकाल" के दौरान अधिकतर लड़ाई या तो जनता ने लड़ी थी या फिर मीडिया के उस छोटे से वर्ग ने जो सत्ता प्रतिष्ठान से नहीं डरा था वैसी ही स्थिति पिछले दस सालों के दौरान अघोषित आपातकाल में भी थी।
मीडिया के लिए अपनी नई भूमिका पर विचार करना इसलिए जरूरी हो गया है कि जिस एक "परिवार" और उसके नेता को पूरे चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी द्वारा सबसे ज्यादा निशाने पर लिया गया वह चार जून के नतीजों के बाद जनता के बीच सरकार से ज्यादा ताकतवर बनकर उभरा है। पिछले चुनावों की तरह इस बार विपक्ष अपने हताहतों की गिनती में नहीं कर रहा है बल्कि सरकार पर नए हमले की तैयारी में जुटा है।
सवाल यह है कि चंद्राबाबू और नीतीश कुमार की कृपा से एनडीए को जिस तरह का अस्थायी बहुमत मिल गया है वह अगर नहीं मिलता और विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को सरकार बनाने का दावा पेश करने काबिल सीटें मिल जातीं तब भी क्या मीडिया "हिंदू-मुस्लिम" दंगलों के जरिए ही टीआरपी बढ़ाने में जुटा रहता या सार्थक बहसों के लिए नये मुद्दों की तलाश करता ?
दुनिया के प्रतिष्ठित मीडिया प्रतिष्ठानों के बारे में यही कहा गया है कि सत्ता में चाहे जो व्यक्ति या पार्टी रहे, वे हमेशा एक "एडवर्सरी" या "प्रतिपक्षी" की भूमिका में रहते हैं और उस पर गर्व भी करते हैं। कोई ऐसी परिस्थिति जिसमें किसी एक दल को एकाधिकारपूर्ण बहुमत प्राप्त हो जाए तो विपक्ष से बड़ी चुनौती मीडिया के सामने खड़ी हो जाती है। लोकसभा चुनाव का नशा जैसे-जैसे कम होगा बदली हुई जनता सरकार और मीडिया दोनों को ही कठघरों में खड़ा करने वाली है। पूछा भी जाने लगा है कि मीडिया अब क्या करने वाला है ? एक बात अभी से नजर आने लगी है कि राजनीतिक तौर पर कमजोर होकर उभरे मोदी, मीडिया पर नियंत्रण को और कसने की कोशिश कर सकते हैं। वे कतई नहीं चाहेंगे कि मीडिया राहुल गांधी और उनके नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के प्रति किसी भी तरह की उदारता दिखाए। तय मीडिया को करना है कि बदली हुई परिस्थितियों में भी वह किसके एजेंडे पर काम करने वाला है ? एक कमजोर हुकूमत के या ताकतवर जनता के ?

## तुझ संग प्रीत लगाई अंबुआ !

सभी को पता है कि आम, फलों का राजा कहलाता है। गर्मी के मौसम में आम नहीं खाएं तो मजा नहीं। असली जीवन आनंद आम खाने में है। शायद यही वजह है कि मशहूर शायर सागर खय्यामी को तो आम की एक किस्म 'लंगड़ा' पर यहां तक कहना पड़ा कि- 'आम तेरी ये खुशनसीबी है, वरना लंगड़े पे कौन मरता है।' दशहरी हो या चौसा, तोतापुरी हो या अल्फांसो, हिमसागर हो या रसपुरी, आम का जायका ही कुछ ऐसा है कि हम आम के बारे में यह बात कह सकते हैं कि 'दिल ललचाए रहा न जाए।' खैर, भारतीय संस्कृति में आम, 'आम' नहीं बल्कि बहुत 'खास' है। सच तो यह है कि आदमी को 'आम' से सीखना चाहिए, 'आम होकर भी 'खास' बनना। खास इतना कि आम पर मुहावरे तक बने हैं। मसलन, 'आम के आम और गुठलियों के दाम'(दोहरा लाभ), 'आंधी के आम( अधिक मात्रा में तथा बहुत सस्ते में मिलनेवाली वस्तु), 'आम खाने कि पेड़ गिनने', 'आम होना (सामान्य रूप से प्रचलन में होना) वगैरह वगैरह। वैसे भारतीय संस्कृति में आम इतना प्रसिद्ध है कि कोई व्यक्ति यदि बिना मतलब (अनड्यू विजिट करना) कहीं पर जाता है तो अक्सर यह कहा जाता है कि 'वहां आप क्या आम लेने गये थे।' खैर जो है सो है। वैसे आम तो आम, आम की गुठलियों के लिए परिवार में बहुत लड़ाई होती है। याद आता है जब बाबूजी घर पर आम लाते थे तो गुठली वाला हिस्सा अधिक लगाव (लाड़-प्यार) वाले 'छोटे' बच्चे को खाने को मिलता था तथा औरों को आम का हिस्सा काटकर खाने को मिलता था। वैसे, आदमी को जीवन में इतना 'आम' भी नहीं बनना चाहिए कि लोग, आदमी का 'अचार' बना लें। बच्चे कभी आम के पेड़ पर पत्थर मारकर आम तोड़ते थे, लेकिन आजकल पत्थर मारकर आम तोड़ने वाला 'बचपन' तो मोबाइल में व्यस्त है। आजकल बच्चों की नजर में 'आम' नहीं मोबाइल टंगा है। भले ही बाजार में आज आम की रेहड़ियां, आम की मधुर सुंदर महक बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के नथुनों में खलबली मचा रहीं हैं, लेकिन बच्चों को मोबाइल के गेम्स और रील्स रास आ रहे हैं। खैर, आम सबका पसंदीदा फल है लेकिन बाजार में 'आम' के 'दाम' सुनकर सिर पर 'बाम' लगाना पड़ रहा है। वैसे
बचपन में हनुमान जी ने सूर्य देव को 'आम' का मीठा फल समझकर उन्हें निगल लिया था। वो क्या है कि 'आम' चीज ही ऐसी है। भले ही हम भी 'आम' आदमी हैं लेकिन आज हम भी 'खास' बनकर अपने खासमखास रामलुभाया जी के साथ 'आम' का 'रस' पीने बाजार जा रहे हैं। वो क्या है कि आजकल 'गुठली' के लिए तो बचपन की तरह हमें कोई पूछता नहीं है और वैसे भी बढ़ते दामों के चलते खास लोगों की पहुँच तक ही सिमट गया है आम -ए ख़ास। आम के बढ़े दामों को सुनकर कभी कभी हमें लगता है -' तुझ संग प्रीत लगाई अंबुआ, अंबुआ, अंबुआ, हो अंबुआ , हाए बेदर्दी, हाए बेदर्दी... !'

# आजाद भारत का 22वां दिल्ली - दरबार

@ राकेश अचल

भारत में लोकतंत्र जीवित है। संविधान पर खतरे मौजूद हैं लेकिन वो भी जीवित है और इसी संविधान कोई कसमें खाकर 9 जून 2024 को दिल्ली में देश का 22वां दरबार एक बार फिर सज गया है। देश ने इस लम्बे काल खंड में दरबार सजाते अभी तक कुल 15 चेहरे देखे हैं। इनमें से गुलजारी लाल नंदा का चेहरा भी है, लेकिन नंदा ने कभी कोई दरबार सजाया नहीं। वे दरबार को सम्हाले जरूर रहे। उन्हें दो मर्तबा दिल्ली दरबार की चौकीदारी का मौका मिला। पहली बार 11 दिन और दूसरी बार 13 दिन। उनकी बराबरी केवल एक बार अटल बिहारी बाजपेयी ने की थी,? क्योंकि उनके पास पूर्ण बहुमत नहीं था।




दिल्ली में दरबारों को सजते और उजड़ते इस देश ने लगातार देखा है। आजाद भारत में पहला देशी दिल्ली दरबार पंडित जवाहर लाल नेहरू ने सजाया। ये बात मेरे जन्म से पहले 1951 की है। इन्होने लगातार १९५७ और १९६२ में भी दरबार सजाया लेकिन उन्होंने बीच में ही इस दरबार से मुश्तकिल छुट्टी ले ली। उनका दरबार सबसे अनूठा था। पंडित जी के बाद गरीब देश के गरीब जन नेता लाल बहादुर शास्त्री जी को दिल्ली दरबार सजाने की जिम्मेदारी मिली। वे केवल 216 दिन ही दिल्ली दरबार के अलमबरदार बने रह सके। उन्हें भी अचानक दिल्ली दरबार से रुखसत लेना पड़ी।
देश में पांचवां पूर्णकालिक दिल्ली दरबार सजाया श्रीमती इंदिरा गाँधी ने। वे पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुत्री थीं। इंदिरा जी ने 67, 69 और 1974 में दिल्ली दरबार की सदारत की। इंदिरा गांधी ने देश में पहली बार आपातकाल लगाया फलस्वरूप 1977 के आम चुनाव में देश की जनता ने उन्हें पदच्युत कर दिल्ली दरबार सजाने की जिम्मेदारी मोरारजी भाई देसाई को सौंप दी। देसाई जी ने पांच साल पूरे होने से पहले ही हाथ खड़े कर दिए। नतीजा ये हुआ कि उनका दरबार ढाई साल में ही उठ गया। देसाई जी के दरबार में रौनक कम तनाव कुछ ज्यादा ही रहा, नतीजन उन्होंने चौधरी चरण सिंह को अपना उत्तराधिकार सौंप दिया। चौधरी साहब कुल 170 दिन ही दिल्ली दरबार को सम्हाल पाए। अपना-अपना नसीब जो ठहरा।
चौधराहट नाकाम होने के बाद 1980 में फिर चुनाव हुए और देश की जनता ने एक बार फिर दिल्ली दरबार सजाने की जिम्मेदारी श्रीमती इंदिरा गाँधी को दे दी। वे पूरे समय दिल्ली दरबार चलातीं लेकिन बीच में ही कुछ सिरफिरों ने उन्हें गोलियों से भून दिया, फिर चुनाव हुए और दिल्ली दरबार के नए शहंशाह बने इंदिरा गाँधी के लख्ते जिगर राजीव गांधी। राजीव गांधी को उनके ही सहयोगी वीपी सिंह ने धकिया दिया और साल 1989 में वे दिल्ली दरबार के मालिक बन गए लेकिन जो उन्होंने राजीव गांधी के साथ किया वैसा ही उनके साथ हुआ, उन्हें दरबार सजाने के लिए कुल 343 दिन ही नसीब हुये। वे गए तो 1990 में चंद्रशेखर साहब आये। वे भी कुल 223 दिन ही दिल्ली दरबार के मुखिया रह पाए। 1991 में पीव्ही नरसिम्हाराव को दिल्ली दरबार सजाने का मौका मिला। दरबार तो सजाना था राजीव गांधी को लेकिन उन्हें भी मार दिया गया, मौका मिला नरसिम्हा राव को। उन्होंने पूरी हिकमत अमली के साथ 330 दिन दिल्ली दरबार को सजाकर रखा। साल 1996 में चुनाव हुए तो हमारे ग्वालियर वाले अटल बिहारी बाजपेयी को दिल्ली दरबार सजाने का मौका मिला लेकिन वे 13 दिन में ही नाकाम हो गए। उनके बाद एच दी देवगौड़ा साहब को 324 दिन के लिए दिल्ली दरबार की कमान मिली। उनके बाद 97 दिन के लिए इंद्र कुमार गुजराल ने दिल्ली दरबार को गुलजार करने की कोशिश की। 1998 में दूसरी बार अटल बिहारी बाजपेयी को दिल्ली दरबार ने आमंत्रण दिया। इस बार उन्होंने पूरी हिकमत अमली से काम लिया और अपना पूरा कार्यकाल पूरा कर दिखाया। साल 2004 में डॉ मन मोहन सिंह ने अटल जी को दिल्ली दरबार से बाहर कर दिया और पूरे दस साल 2014 तक दिल्ली दरबार को नयी सजधज दी।
दिल्ली दरबार सजता और उजड़ता रहा। दिल्ली दरबार ने एक से बढ़कर एक नमूने देखे। लेकिन 2014 में दिल्ली दरबार एक ऐसे नेता के हाथ में आया जो प्रक्षेपित किया गया था। इस नेता का नाम था नरेंद्र दामोदर दस मोदी। मोदी ने अच्छे दिन आने का नारा देकर जनता को लुभाया था। मोदी ने 2019 में भी जनता को अपनी मोहनी से लुभा लिया और 2024 में भी दिल्ली दरबार पर अपना कब्जा कायम रखा। हालांकि उनकी ताकत लगातार कम होती गयी। मोदी जी ने पूरे 10 साल 15 दिन दिल्ली दरबार को सजाया, संवारा और ऐसे -ऐसे करतब दिखाए जो पहले कभी देशवासियों ने नहीं देखे थे। उनके कार्यकाल में देश की मुद्रा बदली गयी, थोक में सांसदों का निलंबन हुआ। संसद ध्वनिमत से चलाई गयी। देश की सियासत को अदावत के रंग में डुबो दिया गया। नए राज्य बनाने के बजाय पुराने राज्य कश्मीर के तीन टुकड़े कर दिए गये। धारा 370 हटी, राममंदिर बना, नारी शक्ति वंदन कानून बना। तीन तलाक कानून बने। कैसे बने ये अलग कहानी है।
मोदी जी ने 9 जून 2024 को तीसरी बार दिल्ली दरबार सजाया है। इस बार उनके दरबार में बहुत से नए चेहरे है। नए सहयोगी हैं। कुछ पुराने चेहरे भी हैं, जिनका होना मोदी जी की जरूरत भी है और मजबूरी भी। पहली बार मोदी जी को दरबार सजाने में असुविधा हुई है। उन्हें खुलकर खेलने का मौका नहीं मिला है। उनकी कार के ब्रेक पर किसी और का पैर है तो एक्सीलेटर पर किसी और का। उनके हाथ में केवल स्टेयरिंग है। लेकिन वे खुश है। उनका दावा है कि वे 22वीं बार सजने वाले दिल्ली दरबार को समय से पहले उजड़ने नहीं देंगे। लेकिन समय किसने देखा है ? हम तो चाहेंगे कि वे अपना दरबार पूरे समय सजाकर रखें और उनका हश्र मोरारजी देसाई या अटल जी जैसा न हो। इस बार उनके साथ पहले जैसे ग्रह नहीं हैं। इस बार उनके दिल्ली दरबार पर सूतक लगा है। राहु-केतु उनके दोनों और हैं। इनसे मोक्ष पाए बिना दिल्ली दरबार को पूरे समय सजाकर रखना आसान काम नहीं है। ईश्वर मोदी जी को सामर्थ्य दे।

## बाल श्रम पर लगे लगाम

रमेश सर्राफ धमोरा

किसी देश के बच्चे अगर शिक्षित और स्वस्थ्य होंगे तो वह देश उन्नति और प्रगति करेगा और देश में खुशहाली आयेगी। लेकिन अगर बच्चे बचपन से ही किताबों को छोड़कर कल-कारखनों में काम करने लगेंगे तो देश समाज का भविष्य उज्वल नहीं होगा। इसीलिये बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है। देश में आज भी करोड़ों बच्चे स्कूलों की बजाए कल-कारखानों, ढाबों और खतरनाक कहे जाने वाले उद्योगों में कार्य कर रहे हैं. जहां दो पेट के भोजन की शर्त पर उनका बचपन और भविष्य तबाह हो रहा है।
बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह दिवस बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का थीम आइए अपनी मांगों पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें! इस दिन जागरूकता बढ़ाने, बदलाव की पहल करने और बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।संयुक्त राष्ट्र ने बाल श्रम पर कहा है कि पिछले तीन दशकों के इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अगर मूल कारणों को दूर कर दिया जाए तो बाल श्रम को खत्म किया जा सकता है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से साल 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इन सबके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। भारत में आदिकाल से ही बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता रहा है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य इस सोच से काफी भिन्न है। बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। गरीब बच्चे स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने की उम्र में मजदूरी कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिये अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्ट्री में काम कर या अलग अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं, जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उघोग, हस्तशिल्प, सूती होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं। लेकिन कम उम्र में इस तरह के कार्यों को असावधानी से करने पर इन्हें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा होता है। एक अध्ययन में पता चला है कि जितने भी बच्चे बालश्रम में लिप्त हैं, वे या तो निरक्षर थे या पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें अधिकांश बच्चे बीमार पाए गए और कई बच्चे नशे के आदि भी थे। बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण है निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश के नागरिक शिक्षित नहीं होंगे तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिये प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक हैं। यह आवश्यक है कि देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने बच्चों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर सख्त-से-सख्त निदेशों की आवश्यकता है जिससे बाल-श्रम को रोका जा सके। व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रमिक की समस्या का निदान हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके प्रति हमें जागरूक होना चाहिये तथा इसके विरोध में सदैव आगे आना चाहिये।

## सफल भी एवं सक्षम भी होगी मोदी की तीसरी पारी

-: ललित गर्ग:-

एक और इतिहास रचते हुए नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए। यह देश ही नहीं दुनिया के लिए एक अद्भुत एवं विलक्षण राजनीतिक घटना है, क्योंकि दुनिया में बहुत कम शासनाध्यक्षों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। मोदी के इस तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की नजरें इसलिये भी टिकी हैं कि मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा पिछली गठबंधन सरकारों से अलग होकर भी सशक्त है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली इस सरकार में 71 मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ शपथ ली। मोदी के करिश्माई नेतृत्व में पिछले दस साल में देश को विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़े करते हुए दुनिया को चौंकाया है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जीडीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसक साथ ही सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास इस सरकार का ध्येय है।प्रधानमंत्री मोदी इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते हुए एक नया इतिहास बनायेंगे, उम्मीद की जा रही है कि बिना बाधा एवं गठबंधन की शर्तों के वे देश-विकास के अपने एजेंडे को सफलतापूर्वक एक नई ऊंचाई देंगे। उनकी लोकसभा चुनाव-2024 की उपलब्धि की महत्ता इसलिये भी कम नहीं हो जाती, क्योंकि भाजपा बहुमत से कुछ ही दूर है। चूंकि सहयोगी दल मोदी सरकार को सहयोग और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मंत्रियों का चयन सुगम तरीके से हो गया इसलिए यह आशा की जाती है कि मोदी की तीसरी पारी भी सुगमता एवं त्वरित गति से चलेगी। इसका एक कारण यह भी है कि उनके पास व्यापक राजनीतिक अनुभव है और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता तथा समन्वय की राजनीति करने का कौशल भी। गठबंधन दलों को भी समन्वय एवं सौहार्द का वातावरण बनाना होगा, इसी में उनका राजनीतिक हित है। वे विपक्षी दलों के बहकावे में न आये, वरना यहां मोदी एवं शाह के पास अन्य विकल्प हैं जो मोदी सरकार को संकट में नहीं जाने देंगे। मोदी की राजनीतिक यात्रा को देखा जाए तो उन्होंने अनेक ऐसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी-पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में।
मोदी के सामने चुनौतियां पूर्ण बहुमत के दौर में भी रही है और अब भी कायम है। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं, जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। गरीब मुक्त भारत बनाने





का लक्ष्य भी सामने हैं। पूर्व के दौ कार्यकाल में मोदी ने इसमें बड़ी सफलता हासिल की है। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी मौलिक सोच एवं दृष्टि से मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि मोदी की तीसरी पारी में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर राजनीतिक मजबूरी की विशेष छाप देखने को मिल सकती है। लेकिन मोदी की कोशिश रहेगी कि वे अपने इन मुद्दों को भी आकार दे सके। इनमें कुछ विलम्ब हो सकता है, लेकिन ये और ऐसे अनेक मुद्दे मोदी की प्राथमिकता बने रहेंगे। पिछले दस वर्षों का मोदी का कार्यकाल यह बताता है कि जहां उन्होंने देश विकास की एक अमिट गाथा लिखी, वहीं वे देश में सबसे सशक्त और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे और विश्व पटल पर अपनी एक गहरी छाप छोड़ते हुए भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इससे विश्व में भारत का मान बढ़ा और इसे उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने न केवल साहसिक फैसले लिए, बल्कि विकास और जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जिसने देश की तस्वीर बदली, भारत का विकास हुआ। अब वह विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि गठबंधन सरकार के बावजूद कमान प्रधानमंत्री के हाथ में है और उन्होंने यह कहा है कि वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस एजेंडे के प्रति सहयोगी दलों और विशेष रूप से टीडीपी और जेडीयू ने भी अपनी संकल्पबद्धता जताई है इसलिए मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी निरंतरता, साहसिकता, दृढ़ता का परिचायक ही होगी। राजनीति की लंबी पारी ने मोदी को दृढ़ता के साथ ही लचीलेपन का भी पाठ पढ़ाया है। कोई कारण नहीं कि राजनीतिक विरोधियों को साथ लेने में दिखाया गया लचीलापन सहयोगियों को बनाए रखने में काम नहीं आएगा। दूसरी बात यह कि चाहे चंद्रबाबू नायडू हों या नीतीश कुमार, दोनों विकास की राजनीति का चेहरा रहे हैं।
मंत्रिमण्डल का गठन करते हुए ऐसा नजर नहीं आया कि भाजपा गठबंधन सहयोगियों के किसी तरह के दबाव में हो। पिछली सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले भाजपा के सांसद वरिष्ठता क्रम में शपथ लेते नजर आए। मंत्रिमंडल के गठन में गठबंधन के हितों के साथ ही जातीय संतुलन और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया। हरियाणा में भले भी पांच सांसद इस बार चुने गए हों, लेकिन इस साल राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कैबिनेट व राव इंद्रजीत सिंह तथा कृष्णपाल सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया। वहीं पंजाब से कोई भाजपा सांसद नहीं चुना गया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। झारखंड में इस साल चुनाव होने हैं तो राज्य को तीन मंत्री दिये गए हैं। मोदी का मंत्रिमण्डल देश विकास के साथ राजनीतिक अपेक्षाओं के अनुरूप प्रभावी एवं सशक्त एक तीर से अनेक निशाने साधते हुए दिखा। निश्चित रूप से भाजपा अपने सहयोगी दलों के प्रति उदार एवं समन्वयमूलक रवैये अपनाएगी। राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके। इतना तय है कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन अग्निपथ, समान नागरिक संहिता, बेरोजगारी व महंगाई जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजग सरकार के लिये कड़ी चुनौती पेश करेगा, लेकिन सहयोगी दलों के साथ भाजपा उनका मुकाबला करने के लिये तैयार है। एक सवाल यह भी है कि क्या नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली राजग सरकार सहयोगी दलों की आकांक्षाओं के बीच पिछले दो कार्यकाल की गति से काम कर पाएगी?

# पुनः करायें नीट परीक्षाः रोहित यादव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव की अगुवाई में हाल में हुई डॉक्टरी की पढ़ाई को प्रवेश परीक्षा नीट में हुई धांधली को लेकर परीक्षा रद्द कराने व पुनः परीक्षा कराने को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

सोमवार को सपा छात्रसभा के अध्यक्ष रोहित यादव की अगुवाई में सपाइयों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए कहा कि परीक्षा के नतीजे से सैकड़ों अभ्यर्थियों के सौ फीसदी नंबर आये हैं। एक ही परीक्षा केंद्र से कई लोगों के एक साथ सौ फीसदी नंबर आना बड़ी धांधली की ओर संकेत करता है। देश के युवाओं का परीक्षाओं से विश्वास खोने लगा है। ये भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। भाजपा सरकार में पेपर लीक होना आम बात है। छात्रों व नौजवानों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। समाजवादी छात्रसभा मांग करती है कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा को रद्द कर पुनः परीक्षा कराई जाये। भ्रष्टाचार की सीबीआई से जांच कराई जाये। इस मौके पर अभिमन गुप्ता, कुशल यादव, सुनील, मुकेश कोटार्य, डा संजय कुमार, महेश यादव, कमलेंद्र प्रजापति, राजकुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, मोहम्मद अहद, शिवम ओझा, अभिलाष सिंह, राधे, तीरथ यादव, रजित सिंह, ओमप्रकाश, वीरेंद्र, गौतम वर्मा, योगेंद्र सिंह, धीरज कोटार्य, अजय यादव, धनंजय, बुद्धविलाश, रामअभिलाष, कबीर समेत सैकडों युवा मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपा छात्रसभा।

## 13 जुलाई की लोक अदालत में बैंकों के मामले करायें हल

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट/नोडल अधिकारी रामरमणि पाठक ने राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को बैंक सम्बन्धित वादों को ज्यादा से ज्यादा निस्तारित कराने को बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की।

सोमवार को बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/अपर जिला जज श्रीमती नीलू मेनवाल ने बताया कि बैंक बाबत मामलों के अधिकाधिक निस्तारण की चर्चा हुई। चिन्हित वादों की नोटिस तामीला दो बार कराने पर जोर दिया। बैठक में पीएनबी के अनुराग करवरिया, डीसीपी बांदा राजेश सिंह, एसबीआई विकास कुमार निगम, श्रीराम फाईनेंस धर्मेन्द्र सिंह, आर्यावर्त बैंक जाग्रति शर्मा, बैंक आफ बडौदा राकेश कुमार मिश्रा, यूनियन बैंक कर्वी अमित कुमार व अन्य बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

# परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति में कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पति में सुलह कराई।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के द्वारिकापुरी के नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व राजेन्द्र कुमार ने पत्नी श्रीमती कृष्णा देवी पुत्री आशाराम दतिया मप्र के विरुद्ध लड़ाई-झगड़ा कर प्रताड़ित करने बाबत पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही अनामिका सिंह ने शिकायतकर्ता की शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया।



विवाद सुलझाती पुलिस।

# राज्य प्रभारी ने योग की सिखाई कई क्रियायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** निःशुल्क योग शिविर के दूसरे दिन जिला मुख्यालय स्थित अटल पार्क में शिविर लगा।

सोमवार को महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी वंदना बरनवाल ने योग की कई क्रियायें सिखाई। उनके लाभ भी बताये। जिला महिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि प्रतिदिन योग करने वाले व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। परिवार, समाज व राष्ट्र में खुद को सहभागी कर सकता है। प्रत्येक रोगों से बचा जा सकता है। योग से अपने कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में मीरा श्रीवास्तव, अनीता सिंह, मंजू अग्रवाल, मंजूषा, सरल, शोभा गुप्ता, मनीषा, लालमणि, पदमा, सरोज, रसिका, वीणा बांधवकर, रोली, लता, गायत्री, विद्या, अमित, नीलम, आशा समेत सैकड़ों बहनें शामिल हुई।



योग सीखती महिलायें।

# धूप में पडे गौवंश ने तडप-तडपकर तोडा दम, प्रधान-सचिव की लापरवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार के गौवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को भरपूर धनराशि दी जा रही है। प्रधान-सचिव की लापरवाही से बेजुबान गौवंश भूख-प्यास से तड़प- तड़प कर जान दे रहे हैं।

सोमवार को ऐसा ही नजारा कर्वी ब्लाक के कालूपुर पाही गांव में देखने को मिला। कालूपुर पाही में शहाना बेगम प्रधान हैं व मनीष कुमार यादव सचिव हैं। प्रधान कभी गांव नहीं आती। प्रधान जिला मुख्यालय में रहती हैं। प्रधान का कार्यभार प्रधान के ससुर मो सलीम संभाले हैं। मनमानी से गांव के विकास समेत गौशाला संचालित करते हैं। विकास कार्यों में होने वाले हस्ताक्षरों में फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी धन निकालते हैं। कालूपुर पाही गौशाला से गौवंशों को छोड़ दिया गया है। ये गौवंश चारे-पानी को इधर-उधर भटक रहे हैं। देखरेख करने वाला कोई नहीं है। कालूपुर पाही में असलेंद्र कुमार उर्फ पप्पू बबेरू वाले के घर के पास गौशाला का एक बैल दो-तीन दिनों से पड़ा हुआ था, भूख-प्यास से तड़प रहा था। जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी दी गई। प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी को मौखिक बताया गया। प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी ने सचिव मनीष कुमार यादव को फोन से गौवंश को धूप से हटाकर छायादार वृक्ष के नीचे बैठाने के निर्देश दिये। ब्लाक के अन्य कर्मियों ने प्रधान का कार्यभार देखने वाले मो सलीम को बताया। प्रधान व सचिव के ध्यान न देने से गौवंश भूख-प्यास से कड़ी धूप में तड़प-तड़प कर दम तोड दिया। गौवंश के मरने की खबर प्रधान का कार्यभार देखने वाले मो सलीम को मिली तो गौवंश संरक्षित के बजाय गौवंश के कान में लगे टैग को गायब कर दिये। मृत गौवंश को नहीं हटाया। मृत गौवंश घटना स्थल पर पड़ा है। ऐसे में सरकार के गौवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण के दावे खोखले नजर आ रहे हैं। गौवंशों के प्रति लापरवाही बरतने वाले प्रधान-सचिव पर कडी कार्यवाही होनी चाहिए।



मृत गौवंश।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

# लिंक एक्सप्रेस-वे को खरीदें भूमिः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे विकसित करने को चयनित भूमि को खरीदने बाबत समिति की बैठक में कहा कि लिंक एक्सप्रेस-वे से जिले के 13 गांव फोरलेन को अधिग्रहित किये जायेंगे। सोमवार को कैम्प सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि लिंक एक्सप्रेस-वे में आ रहे गांव की सम्पत्ति की जानकारी ली। सभी गांव के मुआवजा बाबत चर्चा हुई। उन्होंने एसडीएम कर्वी व तहसीलदार कर्वी को निर्देश दिये कि आपसी सहमति से भूमि क्रय की जाये। जिलाधिकारी ने एडीएम एफआर को निर्देश दिये कि इसकी कार्यवृत्ति बनवाकर भेजें। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम सदर सौरभ यादव, एसएलएओ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बांदा लाल सिंह यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, उप निबंधक कर्वी राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# देश में पहली बार पांच दिवसीय आई एक्सल कार्यशाला शुरू

## नेत्र रोगियों की सच्चे मन से करे सेवाः डा बीके जैन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत में पहली बार संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध संस्थान सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में आई एक्सल एडवांस की पांच दिवसीय कार्यशाला में भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के विभागाध्यक्ष व प्रशासक स्तर के पचास लोगों ने हिस्सा लिया।

सोमवार को नेत्र चिकित्सालयों की टीमों को नेत्र सेवा को अधिक बेहतर बनाने को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण देने को कार्यशाला में भारत के कोने-कोने से विख्यात ट्रेनर्स ने सेवा फाउंडेशन से अरुण आचार्य, निधि जामवाल, नीलम लोहाटे, आशीष रस्तोगी, लाइको मदुरई से उदया कुमार, एचवी देसाई पुणे, आमोद गोगटे श्रॉफ आई अस्पताल से सुनीता अरोरा ने हिस्सा लिया। पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डा बीके जैन, ट्रस्टी डा इलेश जैन, सेवा फाउंडेशन के मुख्य ट्रेनर अरुण आचार्य, डा आशीष बजाज व विभिन्न संस्थानों से कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले सभी ट्रेनर्स व प्रतिभागियों ने गुरु-पूजन कर दीप जलाया। डा बीके जैन, डा ईलेश जैन, डा आशीष बजाज ने सभी ट्रेनरों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। ट्रस्टी डा इलेश जैन ने संक्षेप में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट से संचालित सभी प्रकल्पों के बारे में बताया। एक- दूसरे से अनुभव साझा करने को कहा। ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन स्वागत कर कहा कि नेत्र रोगियों की अच्छे ढंग से गुणवत्ता से सच्चे मन से सेवा करें। मुख्य ट्रेनर अरुण आचार्य ने प्रतिभागियों का अभिनंदन कर कहा कि यहां कोई एक ट्रेनर नही, बल्कि कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागी ट्रेनर हैं। सब एक- दूसरे से अनुभव साझा करें।



कार्यशाला का शुभारम्भ करते अतिथि।

# दीवान पर हमला करने वाले दो दबोचे, तमंचा-कारतूस भी मिले

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने दीवान पर हमला करने वाले दो लोगों को तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि सात जून को कोतवाली कर्वी के पटेल तिराहा पर पुलिस लाइन में तैनात दीवान साकिर हुसैन पर पत्थरों से हमला किया था। इस बाबत कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज था। कोतवाली के दरोगा राहुल पाण्डेय ने मैकू पुत्र सीताराम मछली मंडी कर्वी व हर्ष द्विवेदी पुत्र कौशल कुमार द्विवेदी निवासी कसहाई को गिरफ्तार किया। मैकू के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व कारतूस बरामद हुये। उस पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय, सिपाही सुरेन्द्र सिंह व दीपक कुमार शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में हमलावर।

## 11 से 15 तक कांग्रेस निकालेगी धन्यवाद यात्राः कुशल

**चित्रकूट।** उप्र लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव/उप्र प्रभारी अविनाश पांडे व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड ने बताया कि जिले की दोनों विधानसभा में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनता का धन्यवाद देने को 11 से 15 जून तक प्रदेश में धन्यवाद यात्रा शुरू करेंगे।

सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह ने बताया कि 13 जून को मानिकपुर विधानसभा व 14 जून को चित्रकूट विधानसभा में कार्यक्रम होगा। जिले के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इंडिया गठबंधन के समर्थन में एकजुट होकर प्रचार-प्रसार करने में सफलता मिली है। सभी को एकजुट होकर 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें। जनता के हितों को कांग्रेस ने हमेशा संघर्ष किया है। आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। नीट परीक्षा में हुई धांधली से छात्र आंदोलित हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। युवा कांग्रेस ने विरोध-प्रदर्शन कर परीक्षा रद्द करने की मांग की है। जिला कांग्रेस ने मांग किया कि दोबारा परीक्षा कराई जाये।



सडकों में छाया सन्नाटा।

# सूरज के तल्ख तेवरों से सहमे लोग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आसमान से सूरज आग बरसा रहा है। सूरज के तीखे तेवर से कड़क धूप व लू के थपेडों से आम जनता बेहाल है।

सोमवार को आसमान में बदली छायी रहने के बाद भी सूरज के तीखे तेवरों से गर्मी परवान चढ़ रही है। तापमान में लगातार बढोत्तरी हो रही है। भीषण गर्मी से सड़कों में सन्नाटा पसरा है। कर्फ्यू जैसा आलम दिख रहा है। भीषण गर्मी के चलते कूलर-पंखे बेअसर हो गये हैं। दोपहर में सूनी सड़कों में लॉकडाउन जैसा नजारा देखने को मिला। इन दिनों तंदूर सी तप रही धर्मनगरी में आसमान से अंगारे बरस रहे हैं। जो लोगों को झुलसा रहे हैं। रिकॉर्ड स्तर पर गर्मी पहुंच गई है। जनजीवन बेहाल होता जा रहा है। इंसानों के साथ जीव-जंतुओं में हीट स्ट्रोक की सम्भावनायें बढ गई हैं। प्रतिदिन भारी तादाद में सरकारी एव प्राइवेट अस्पतालों में उल्टी, दस्त, पेट दर्द के मरीजों की तादाद पहुंच रही है।

# दो अन्तर्जनपदीय बाइक चोर दबोच, 12 बाइक बरामद

## भीडभाड से चुराते थे बाइकें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली कर्वी पुलिस ने दो अन्तर्जनपदीय चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से 12 मोटरबाइकें बरामद की हैं।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की टीम ने दो अन्तर्जनपदीय बाइक चोरों को दबोचकर चोरी की 12 मोटरबाइकों समेत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रज्जू उर्फ राजू पुत्र रामऔतार खटेहटा थाना बदौसा जिला बांदा व संतोष कुमार पुत्र बुद्धविलास सेमरिया कस्बा अतर्रा बांदा का चोरी का अच्छा-खासा आपराधिक इतिहास है।

कर्वी कोतवाल को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग चोरी की बाइक से कसहाई की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम ने बाइक सवार दोनों को दबोच लिया। पूंछताछ में दोनों ने बताया कि भीड़भाड़ के स्थान से मोटरबाइकें चुरा कर उन्हें बेंच देते थे। दोनों ने चोरी की 11 मोटरबाइकें कंचनपुर लौढ़िया नाले से बरामद करवाई। वाहनों को ई-चालान एप से चेक किया तो कई वाहनों के नम्बर प्लेट बदलने के साथ चेचिस नम्बर घिसकर मिटाये गये हैं। नम्बर प्लेट आगे-पीछे से तोड़ दी गई हैं। पुलिस ने बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, दरोगा राजीव कुमार सिंह, दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही शुभम शर्मा, राहुल देव व महिला सिपाही नीतू द्विवेदी शामिल रहे।




पत्रकारों को चोरों के बारे में बताते एसपी व पुलिस गिरफ्त में बाइक समेत चोर।

# गौवंशों के निवाले की खरीद में मानिकपुर ब्लाक में बड़ा खेल

## लोहा-सीमेंट-ईंट-गिट्टी-बालू विक्रेताओं के नाम भूसा खरीद के काटे चेक

**अखंड भारत संदेश**

**जांच में खुलेगा बडा घोटाला**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के दर्जनों गांवों में गलत ढंग से काटे गये भूसा के चेक सचिवों ने दस से बीस फीसदी कमीशन लेकर प्रधानों के कहने पर फर्जी भूसा फर्मों के नाम काटे हैं। चेक काटकर लिये कमीशन की धनराशि बंदरबांट किया है। अक्टूबर से मार्च 2024 तक के तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा गांवों के भूसा के चेक फर्जी फर्मों के नाम काटे गए हैं। सोमवार को सचिवों की मनमानी का खुलासा हुआ। बताया गया कि जिनके न कोई भूसा की गोदाम है, न कोई दुकान है- जैसे रसिक बिहारी गुप्ता ट्रांसपोर्ट शिवम टेडर्स, अवधेश इंटर प्राइजेज, आरके इंटर प्राइजेज के नाम कई गांवों के भूसा के चेक काटे गये हैं। इनसे न भूसा की खरीद हुई, न कोई दुकान है। सचिव व प्रधानों ने मिलकर नाम मात्र को इधर-उधर से भूसा खरीदकर बड़े पैमाने पर धनराशि का बंदरबांट किया है। अधिकारियों को गुमराह करने को सरसों-चना का भूसा गांव से एकत्र कर गौशाला की गोदामों में रखकर ऊपर से कुछ गेहूं का भूसा मिलाकर ढक दिया है। शासन से गौवंशो को खिलाने को चूनी-चोकर के धन को प्रधानों ने ठिकाने लगा दिया है। सीडीओ व मानिकपुर ब्लाक में वित्तीय वर्ष 2022-23 व 23-24 में भूसा खरीद की कायदे से जांच हो तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। कई प्रधानों पर गाज गिर सकती है।

# इजराइल ने चार बंधकों को हमास से भीषण लड़ाई में मुक्त कराया, 274 फिलिस्तीनी मारे गए

**यरुशलम।** इजराइल के सुरक्षाबलों ने पिछले साल अक्टूबर से आतंकवादी संगठन हमास के पंजों में जकड़े अपने चार नागरिकों को भीषण लड़ाई के बाद आखिरकार मुक्त करा लिया। इजराइली सुरक्षा बलों को इसके लिए शनिवार को गाजा के नुसीरत शरणार्थी क्षेत्र में हमास से कड़ा संघर्ष करना पड़ा। इस कार्रवाई में 274 फिलिस्तीनी मारे गए। इस इलाके में बंधकों को मुक्त कराने के कई घंटे बाद तक लड़ाई जारी रही।



आईडीएफ (इजराइल डिफेंस फोर्सेज) की वेबसाइट में उपलब्ध विवरण में मुक्त कराए गए चारों बंधकों का फोटो भी जारी किया गया है। इनमें नोआ अगार्मानी (25), अल्मोग मीर जान (21), एंड्री कोजलोव (27) और श्लोमी जिव (40) शामिल हैं। आईडीएफ ने कहा है कि इनको हमास ने सात अक्टूबर 2023 को नोवा संगीत समारोह से अगवा कर लिया गया था। इजराइल ने कहा, आतंकी संगठन ने बंधकों को जानबूझकर आबादी वाले क्षेत्रों में रखा। इसका मकसद यह था कि उन्हें मुक्त कराने में बाधा आए। इजराइली एजेंसियों ने सुनियोजित तरीके से पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। उधर, हमास ने दावा किया है कि इजराइली कार्रवाई में तीन बंधक मारे गए जिनमें एक अमेरिकी नागरिक था।
गाजा के स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है कि मारे गए लोगों में 57 महिलाएं और 64 बच्चे हैं। इसके अतिरिक्त करीब 700 लोग घायल हुए हैं। इजराइल की सेना ने नुसीरत के अलावा दीर अल-बलाह शहर पर भी हमले किए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले फरवरी में भी बंधक बनाए गए दो इजराइली नागरिकों को मुक्त कराने की कार्रवाई में 74 फिलिस्तीनी मारे गए थे। इस समय इजराइल में चारों बंधकों की रिहाई का जश्न मनाया जा रहा है।

# पाकिस्तान: पीपुल्स पार्टी के नेता ने नेशनल असेंबली के भंग होने के संकेत दिए

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता मंजूर वासन ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा तीन महीने के भीतर नेशनल असेंबली को भंग करने की संभावना के संकेत दिए हैं. उन्होंने इसे देश के लिए एक महत्वपूर्ण समय बताया है, जो पहले से ही राजनीतिक उथल-पुथल में है. एआरवाई न्यूज रिपोर्ट के हवाले से यह खबर दी गई है.



देश के एक प्रमुख राजनीतिक विश्लेषक मंजूर वासन के अनुसार अगले तीन महीने राष्ट्रीय राजनीति के लिए महत्वपूर्ण हैं. उन्होंने रविवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बयान दिया. उन्होंने कहा, 'अगले तीन महीनों के भीतर, पीएम शहबाज शरीफ नेशनल असेंबली को भंग कर सकते हैं. वासन का मानना ??है कि प्रांतीय विधानसभाएं अभी भी कायम रहेंगी.
उन्होंने कहा,'इसके अलावा पीपीपी नेता ने कहा कि पीएमएल-एन नवाज शरीफ की प्रधानमंत्री के रूप में फिर से नियुक्ति वर्तमान व्यवस्था द्वारा समर्थित नहीं है. नेशनल असेंबली के विघटन के बाद, हम देखेंगे कि किस तरह की व्यवस्था उभरती है. उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान और अन्य राजनेताओं के राजनीतिक माहौल पर भी चर्चा की. उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पीटीआई संस्थापक और अन्य राजनेताओं का भविष्य अच्छा होगा. उन्हें राहत मिलती भी है तो बहुत कम समय के लिए.
बयान में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सिफर मामले में दिए गए फैसले का संदर्भ दिया गया, जिसमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को बरी कर दिया गया. मामले में उनकी दोषसिद्धि के खिलाफ पूर्व प्रधानमंत्री और कुरैशी की याचिकाओं को स्वीकार करने के बाद, आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने संक्षिप्त फैसला जारी किया.
इद्दत मामले में इमरान को सजा सुनाए जाने और हाल ही में 9 मई के मामले में कुरैशी की हिरासत के कारण यह अनुमान नहीं था कि दोनों को जेल से रिहा किया जाएगा. सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत ने जनवरी में इस मामले में इमरान और कुरैशी दोनों को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई थी. इसके बाद न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्कारनैन ने उनके लिए एक सरकारी वकील नियुक्त किया था.

## रूस के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान पर यूक्रेन ने हमला करने का किया दावा

**कीव।** यूक्रेन ने रविवार को दावा किया उसके बलों ने अग्रिम चौकियों से लगभग 600 किलोमीटर दूर वायुसेना अड्डे के निकट खड़े रूसी अत्याधुनिक लड़ाकू विमान पर हमला किया है। यूक्रेन के सहयोगी पश्चिमी देशों ने उसे रूस के अंदर सीमित हमलों के लिए अपने हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। यूक्रेन की मुख्य सैन्य खुफिया सेवा ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरें साझा कीं और कहा कि इनमें हमले के बाद की स्थिति दिखाई दे रही है। यदि इसकी पुष्टि हो जाती है, तो यह यूक्रेन द्वारा सुखोई-57 लड़ाकू विमान पर किया गया पहला सफल हमला होगा। सुखोई दोहरे इंजन वाला स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे रूस का सबसे उन्नत सैन्य विमान माना जाता है। एक तस्वीर में, खड़े विमान के चारों ओर मलबा देखा जा सकता है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय के अनुसार, शनिवार को दक्षिणी रूस के अख़्तुबिंस्क अड्डे पर हमला हुआ, जो अग्रिम चौकी से लगभग 589 किलोमीटर दूर है। हालांकि, यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि इसके लिए किस हथियार का इस्तेमाल किया गया, लेकिन यूक्रेन से वायुसेना अड्डे की दूरी से पता चलता है कि संभवतः इस पर ड्रोन से हमला किया गया।

## इजराइल के मंत्री बेनी गैंट्ज ने नेतन्याहू सरकार से दिया इस्तीफा

**यरूशलम।** इजराइल के मंत्री बेनी गैंट्ज ने रविवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार से इस्तीफा देने की घोषणा की। इसके साथ ही गाजा में महीनों से चल रहे युद्ध के बीच दक्षिणपंथी गठबंधन वाली सरकार के एकमात्र मध्यमार्गी वाले मंत्री सत्ता से बाहर हो गए हैं। गैंट्ज की मध्यमार्गी पार्टी के सरकार के बाहर जाने से सरकार को तत्काल कोई खतरा नहीं होगा लेकिन इसका गंभीर प्रभाव पड़ सकता है जिससे नेतन्याहू अतिवादियों पर निर्भर हो जाएंगे। वहीं गाजा में जारी युद्ध का कोई अंत नहीं दिखाई देगा और लेबनानी हिजबुल्लाह के साथ संभावित लड़ाई बढ़ सकती है। पिछले महीने, गैंट्ज ने नेतन्याहू को गाजा के लिए एक स्पष्ट रणनीति के साथ 8 जून की समय सीमा दी थी, जहां इजराइल सत्तारूढ़ फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ विनाशकारी सैन्य हमले पर जोर दे रहा है। नेतन्याहू ने अल्टीमेटम दिए जाने के तुरंत बाद इसे टाल दिया। गैंट्ज ने रविवार को कहा कि नेतन्याहू का मंत्रिमंडल महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णयों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब बंधक अभी भी गाजा में थे और सैनिक वहां लड़ रहे थे, तब इस्तीफा देना एक कठिन निर्णय था। गैंट्ज ने एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में कहा कि नेतन्याहू हमें सच्ची जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं। इसलिए हम आज आपातकालीन सरकार को भारी मन से लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ छोड़ रहे हैं। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पोस्ट में जवाब दिया जिसमें उन्होंने गैंट्ज से कहा कि युद्ध के मोर्चे को छोड़ने का समय नहीं है। गैंट्ज के चले जाने से, नेतन्याहू उस मध्यमार्गी गुट का समर्थन खो देंगे जिसने गाजा युद्ध में आठ महीने से बढ़ते राजनयिक और घरेलू दबाव के समय इजराइल और विदेशों में सरकार के लिए समर्थन बढ़ाने में मदद की है। जबकि उनका गठबंधन संसद की 120 सीटों में से 64 पर नियंत्रण रखता है, नेतन्याहू को अब अति-राष्ट्रवादी दलों के राजनीतिक समर्थन पर अधिक निर्भर रहना होगा, जिनके नेताओं ने युद्ध से पहले ही वाशिंगटन को नाराज कर दिया था और जिन्होंने तब से गाजा पर पूर्ण इजराइली कब्जे का आह्वान किया है।

## बांग्लादेश के सांसद के संदिग्ध हत्यारे से पूछताछ के बाद कंकाल का कुछ हिस्सा बरामद, डीएनए जांच संभव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के संदिग्ध हत्यारे से पूछताछ के बाद कंकाल का कुछ हिस्सा बरामद कर लिया है। सीआईडी के एक अधिकारी ने बताया है कि दक्षिण 24 परगना जिले में एक नहर के पास से मानव हड्डियों के कुछ हिस्से बरामद हुए हैं
उन्होंने कहा कि संदिग्ध मोहम्मद सियाम हुसैन से पूछताछ के बाद ये हड्डियां भांगर के कृष्णामती गांव में बागजोला नहर के दक्षिण-पूर्वी तट से बरामद की गईं। हुसैन को पिछले दिनों नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे शुक्रवार को भारत प्रत्यर्पित किया गया था। उसे शनिवार को पश्चिम बंगाल लाया गया। इस अधिकारी का कहना है कि चिकित्सकों और फॉरेंसिक विशेषज्ञों के मुताबिक हड्डियों के हिस्से इंसान के हैं। यह बांग्लादेशी सांसद के हैं या नहीं, यह कंफर्म करने के लिए फॉरेंसिक और डीएनए जांच कराई जाएगी। इस संबंध में बिजॉयगंज बाजार पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# हार की आशंका से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने यूरोपीय संसद भंग की

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)।** यूरोपीय यूनियन के संसदीय चुनाव में हार की आशंका की वजह से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने संसद भंग कर मध्यावधि चुनाव का आह्वान कर दिया है। बेल्जियम की सत्तारूढ़ पार्टी की इस चुनाव में हार के बाद प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर डीक्रू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।
यूरोपीय यूनियन के संसदीय चुनाव छह से नौ जून के बीच हुए। इस चुनाव में लगभग 40 करोड़ लोगों ने हिस्सा लिया। चुनाव की शुरूआत छह जून को नीदरलैंड में मतदान के साथ शुरू हुई। इस दौरान फ्रांस, इटली, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, इस्टोनिया, लिथुआनिया और स्वीडन जैसे तमाम यूरोपीयन देशों में भारी मतदान हुआ। यूरोपीय संसद दरअसल यूरोपीय लोगों और यूरोपीय संघ की संस्थाओं के बीच संपर्क स्थापित करने की सीधी कड़ी है। यह दुनिया की अकेली सीधी चुनी हुई अंतरराष्ट्रीय



सभा है। इसमें संसद के सदस्य यूरोपीय संघ के नागरिकों के हितों की बात करते हैं। मेंबर ऑफ यूरोपियन यूनियन (एमईपी) सदस्य देशों की सरकारों के साथ मिलकर नए-नए कानून बनाते हैं। वे अंतरराष्ट्रीय मसलों पर फैसला लेते हैं।
यह सदस्य क्लाइमेट चेंज और रिफ्यूजी पॉलिसी का बजट तय करते हैं।
यह चुनाव पोस्टल बैलेट से कराए जाते हैं। ईयू के लिए हर देश से चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या उस देश की आबादी पर निर्भर करती है। 2019 के यूरोपीय संसद के चुनाव में 751 प्रतिनिधियों को चुना गया था। अधिकतर सदस्य देशों में मतदान की तय उम्र 18 साल है। लेकिन 2022 में बेल्जियम में इसे घटाकर 16 साल कर दिया गया था।
जर्मनी, माल्टा और ऑस्ट्रिया में भी 16 साल तक की उम्र के लोग वोट कर सकते हैं। ग्रीस में मतदान की तय उम्र 17 साल है। अधिकतर देशों में चुनाव लड़ने की उम्र 18 साल, जबकि इटली और ग्रीस में 25 साल है।
यह चुनाव हर पांच साल में चार दिन की अवधि के दौरान कराए जाते हैं। इसकी वजह है कि अलग-अलग यूरोपीय यूनियन के देश अपने-अपने तौर-तरीकों से मतदान का आयोजन करते हैं। कई देशों में चुनाव एक ही दिन में पूरा करा दिया जाता है लेकिन कई देशों में इसमें एक से अधिक दिन का समय लगता है।
द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संसद के चुनाव में मतदाताओं ने बड़े पैमाने पर मध्यमार्गियों का समर्थन किया है। फ्रांस और जर्मनी में दूरदराज के क्षेत्रों में सत्तारूढ़ पार्टियों को झटका लगा है। रविवार देररात सार्वजनिक किए गए आंशिक नतीजों से साफ हुआ है कि मध्यमार्गी राजनीतिक समूह को कुछ सीटों का नुकसान हो सकता है।

# नवनियुक्त मंत्री एस जयशंकर की नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचण्ड से द्विपक्षीय मुलाकात

**काठमांडू।** एनडीए सरकार के नवनियुक्त मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड से मुलाकात की। दिल्ली के ताज होटल में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय मुलाकात हुई है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली में मौजूद रहे नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचण्ड के साथ आए नेपाली प्रतिनिधिमंडल और भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के बीच द्विपक्षीय मुलाकात हुई। बैठक में डॉ. जयशंकर के अलावा विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा, नेपाल के लिए भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव, विदेश मंत्रालय में नार्थ डेस्क के प्रभारी अनुराग श्रीवास्तव मौजूद रहे।
नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचण्ड के साथ उनके कानून मंत्री पदम गिरी, भारत में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा भी मौजूद रहे। द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान नेपाल में भारतीय सहयोग के चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मौजूद नेपाल के राजदूत डॉ. शर्मा ने बताया कि दोनों देशों के बीच पिछले दिनों हुए समझौते के कार्यान्वयन को लेकर भी चर्चा हुई।
डॉ. जयशंकर ने नेपाल के प्रधानमंत्री और नेपाल सरकार के प्रति शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया।

## प्रचंड ने प्रधानमंत्री मोदी को दिया नेपाल भ्रमण का निमंत्रण

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड कल नई दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राष्ट्रपति भवन में आयोजित रात्रिभोज के मौके पर नरेन्द्र मोदी और प्रचंड की मुलाकात हुई। प्रचंड ने उन्हें नेपाल भ्रमण के लिए निमंत्रित किया।
दोनों नेताओं ने बातचीत में आपसी सहयोग को और अधिक आगे बढ़ाने पर बल दिया। प्रचंड के साथ मौजूद उनकी बेटी गंगा दाहाल ने कहा कि मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के विकास में हर तरह का सहयोग करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भगवान पशुपतिनाथ, मुक्तिनाथ, माता जानकी व गौतम बुद्ध की धरती पर आना उनके लिए हमेशा सौभाग्य का विषय रहा है।

## पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को दीं शुभकामनाएं

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर सोमवार को शुभकामनाएं दीं. मोदी ने रविवार को रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार में 72 सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद का नेतृत्व किया। शरीफ भारत के पड़ोसी देश के एकमात्र प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें नई दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था. उन्होंने अपने समकक्ष को पाकिस्तान के सदाबहार मित्र देश चीन से लौटने पर बधाई देने के लिए 'एक्स' का सहारा लिया. उन्होंने एक पोस्ट में कहा, 'भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को बधाई.। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने रविवार को ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया.



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफिफ भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य समारोह में शामिल हुए। पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों को 2019 में झटका लगा जब 5 अगस्त, 2019 को भारतीय संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को निलंबित करने के बाद इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को कम कर दिया. भारत लगातार कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी संबंध चाहता है, तथा इस बात पर जोर देता रहा है कि इस प्रकार के संबंध के लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद पर है.

## यूरोपीय संघ के मतदान में भारी हार के बाद, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन ने 30 जून को संसदीय चुनावों की घोषणा की

**पेरिस:** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने देश की संसद और नेशनल असेंबली को भंग कर दिया है. उन्होंने रविवार को यूरोपीय संसदीय चुनावों में एग्जिट पोल में अपनी पार्टी की भारी हार के बाद तुरंत चुनाव कराने का आह्वान किया है.



सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रारंभिक अनुमानों से पता चला है कि दूर-दराज की नेशनल रैली पार्टी ने 31.5 प्रतिशत वोट जीते हैं, जो मैक्रॉन की पुनर्जागरण पार्टी के हिस्से से दोगुने से भी ज्यादा है, जो 15.2 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि सोशलिस्ट 14.3 प्रतिशत वोट के साथ तीसरे स्थान पर रही.
एग्जिट पोल के जारी होने के बाद जश्न के भाषण में नेशनल रैली के नेता जॉर्डन बाडेर्ला ने मैक्रोन से फ्रांसीसी संसद को भंग करने का आह्वान किया. सीएनएन के अनुसार, बाडेर्ला ने कहा कि मौजूदा सरकार की यह अभूतपूर्व हार है. इस बीच, मैक्रोन ने एक घंटे के राष्ट्रीय संबोधन में घोषणा की कि वह फ्रांस में संसद के निचले सदन को भंग कर देंगे और संसदीय चुनाव आयोजित करेंगे.
मैक्रॉन के अनुसार, मतदान दो दौर में होंगे पहला 30 जून को और दूसरा 7 जुलाई को. मैक्रॉन ने रविवार को एक घोषणा में कहा कि मैंने आपको मतदान करके अपने संसदीय भविष्य का विकल्प वापस देने का फैसला किया है. इसलिए मैं आज शाम नेशनल असेंबली को भंग कर रहा हूं.
फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें फ्रांसीसी लोगों की सबसे न्यायपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता पर पूरा भरोसा है. फ्रांसीसी प्रणाली में संसदीय चुनावों का उपयोग नेशनल असेंबली, निचले सदन के 577 सदस्यों को चुनने के लिए किया जाता है. देश के राष्ट्रपति को अलग-अलग चुनावों के माध्यम से चुना जाता है.

## पाकिस्तान में जीप नदी में गिरी, छह की मौत, सात घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मुजफ्फराबाद के नीलम घाटी जिले के ताओबत इलाके में सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 7 अन्य घायल हो गए। मुल्क के प्रमुख समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने हादसे की रिपोर्ट सोमवार को प्रसारित की है।
रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया है कि 23 लोगों से भरी यह जीप कैल से ताओबात जा रही थी। नदी के पास चालक ने जीप पर नियंत्रण खो दिया। इसके बाद पलक झपकते ही जीप नदी में गिर गई। सूचना मिलने पर बचावकर्मी पहुंचे। गोताखोरों ने 13 लोगों को बाहर निकाला। इनमें से छह लोगों की मौत हो चुकी है। बाकी लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

## प्रधानमंत्री 'प्रचंड' ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात, नेपाल आने का न्योता दिया

**काठमांडू,।** भारत में एनडीए सरकार के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने गए नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ह्यप्रचंडह्न ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। आज सुबह राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान प्रचंड ने मुर्मू को नेपाल भ्रमण करने का न्योता दिया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए गए नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने सोमवार को सुबह दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की।